आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 316 ● कटनी ● बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

बंद हो 'भारत जोड़ो यात्रा', फूट सकता है कोरोना बम,

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन और जापान में कोरोना के केस फिर बढ़ने लगे हैं। चीन में खासतौर पर हालात बेकाबू बताए जा रहे हैं। इसे देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट हो गई है। राज्यों को गाइडलाइन जारी की जा चुकी है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया आज एक बड़ी बैठक करने जा रहे हैं। ताजा खबर यह है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के संबंध में राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखी है।

राहुल का गुस्सा देख हैरान रह गए कांग्रेसी

अलवर,एजेंसी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुधवार सुबह राजस्थान से हरियाणा में दाखिल हुई। इस दौरान फ्लैग एक्सचेंज समारोह में राहुल का गुस्सा देखकर साथी नेता हैरान रह गए। दरअसल, कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक नेता सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन राहुल गांधी ने बहुत गुस्से में उनका हाथ झटक दिया। नेता अपना मोबाइल भी मुश्किल से छुड़ा पाए।

मध्यप्रदेश विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश, चर्चा शुरू

सीएम ने जनता से जुड़े मुद्दों को तिलांजलि दी : नेता प्रतिपक्ष

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। जिस पर करीब 12 बजे से चर्चा शुरू हो गई। स्पीकर गिरीश गौतम ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए सप्लीमेंट्री बजट के बाद का समय तय किया था। विपक्षी विधायकों ने खड़े होकर अविश्वास का समर्थन किया।नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- आज पूरी तरह से सत्ता के घमंड में सीएम ने जनता से जुड़े मुद्दों को तिलांजलि दे दी। दिग्विजय सिंह ने जो अधिकार पंचायती राज में दिए थे, वो छीनकर अधिकारियों के हवाले कर दिए। जनपद पंचायत, जिला पंचायत अधिकारहीन हो गई। विधानसभा की कार्यवाही लगातार कम होती जा रही है। सबसे कम समय विधानसभा चलाने का गोल्ड मेडल इस विधानसभा को मिलना चाहिए।

मुझे नारियल की रस्सी से बंधा कमरा दिया

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, पिछले महीने मैं आगर मालवा के दौरे पर गया था। इसकी प्रशासन को सूचना दी थी। वैसे मुझे सैर सपाटा करने का शौक नहीं है, मैं गांव का आदमी हूं। मैंने प्रतिपक्ष की हैसियत से लिखा था। जब हम वहां पहुंचे, तो सर्किट हाउस में ताला लगा था। मुझे ऐसा कमरा दिया, जिसके दरवाजे पर कुंडी नहीं थी, नारियल की रस्सी से बंधा था।

चिरायु को इतना पैसा क्यों दिया?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, महाकाल के उद्घाटन में 12 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। चीते लाने में करोड़ो, 5-6 हजार में चीते छूट जाते। कोरोना काल में चिरायु अस्पताल को 70 करोड़ रुपए सरकार ने दिए। आप कह सकते हो कि चिरायु को जमीन कांग्रेस की सरकार ने दी थी, लेकिन कैचमेंट एरिया की जमीन आपने दे दी। कुछ हमारे मित्र भी उसको संरक्षण दे रहे हैं। आप इतनी मेहरबानी क्यों कर रहे हैं? सरकारी अस्पतालों को पैसा देते, आपने चिरायु को इतना पैसा क्यों दिया? कोरोना काल में सबसे ज्यादा मौतें चिरायु अस्पताल में ही हुई हैं।

खंडवा में कोर्ट ने 40 लोगों को सुनाई एक साथ सजा

कर्फ्यू के दौरान पुलिस वालों को घेरकर मारे थे पत्थर

खंडवा, ईएमएस। सुशील पुंडगे हत्याकांड के बाद लगे कर्फ्यू में पुलिस को घेरकर हमला करने के मामले में खंडवा कोर्ट ने फैसला सुना दिया। कोर्ट ने 8 साल बाद मंगलवार को 40 आरोपियों को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी पर 6500-6500 रुपए जुर्माना भी लगाया। घटना शहर के घासपुरा स्थित बांग्लादेश में हुई थी। केस में 47 आरोपी थे। इनमें दो फिरोज और सद्दाम बरी हो गए, एक की मौत हो गई तथा चार नाबालिग थे। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। कोर्ट के बाहर भी लोग इस फैसले का इंतजार कर रहे थे। पुलिस पर पथराव की घटना के बाद शासन की तरफ से 47 लोगों को आरोपी बनाया गया। कुछ आरोपियों पर पुलिस की वर्दी में घटना करने का आरोप था। इन पर धारा 307, 147, 148, 149, 352, 153, 188, 34 में प्रकरण दर्ज हुआ। 47 आरोपियों में 4 नाबालिक थे, जिनका केस किशोर न्यायालय में फारवर्ड हो गया। धीरे-धीरे इनकी गिरफ्तारी होती गई और जमानत भी मिलती गई।

8 साल बाद अब फैसला आया, न्यायाधीश प्राची पटेल की कोर्ट ने 40 आरोपियों को 7-7 साल की सजा सुनाई। 2 को बरी कर दिया, वहीं एक आरोपी के मृत होना बताया गया। 30 जुलाई 2014 में मुस्लिम समाज के धार्मिक स्थल को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से विवाद बढ़ने पर शहर में कर्फ्यू लगा था। 30 जुलाई 2014 के दिन एक बीमा कंपनी के एजेंट सुशील पुंडगे की हत्या से विवाद और बढ़ गया। मुस्लिम बहुल (हातमपुरा) इलाके से जब बाइक सवार पुंडगे गुजर रहे थे तो उनके माथे पर तिलक देख लोगों ने धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया।

अफसरों का काम मॉरल पुलिसिंग नहीं- सुप्रीम कोर्ट

कपल को परेशान करने वाले CISF कॉन्सटेबल को राहत देने से इनकार किया

नई दिल्ली, ईएमएस। एक कपल को परेशान करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त ष्ठ्ठस्न्न कॉन्स्टेबल को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने कहा, कॉन्स्टेबल कोई पुलिस अधिकारी नहीं था। और होता भी तो, पुलिस अधिकारियों को भी मॉरल पुलिसिंग करने की जरूरत नहीं है। बेंच ने आगे कहा कि पुलिस अधिकारियों का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना होता है। इसके साथ ही बेंच ने कॉन्स्टेबल को नौकरी पर रखने के हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। मामला साल 2001 का गुजरात के वडोदरा का है, जिसकी सुनवाई मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हो रही थी। जस्टिस खन्ना ने कहा, यह मामला चौंकाने वाला है। रात में एक कपल को मॉरल पुलिसिंग के नाम पर परेशान किया गया। कोई युवती नहीं चाहेगी कि कोई रास्ते में रोककर उससे अभद्र तरीके से निजी सवाल-जवाब करे। यह कदाचार का मामला है। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी एक अनुशासित फोर्स से जुड़ा था, इसके चलते इस कदाचार को हल्के में नहीं ले सकते।

नए विवाद में फंसे इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नए विवाद में फंस गए हैं। उनका एक कथित ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें पीटीआई प्रमुख किसी महिला के साथ गंदी बातें करते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि किसी ने अभी इस ऑडियो की पुष्टि नहीं की है, लेकिन इमरान खान के विरोधियों को एक और मौका मिल गया है। यह पाकिस्तान का आज का सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। पाकिस्तानी मीडिया के एक धड़े ने दावा किया है कि यह ऑडियो क्लिप पीएमओ यानी प्रधानमंत्री कार्यालय से लीक किया गया है।

आधी रात बस-ट्रक में भीषण टक्कर

2 की मौत, 2 घायल

झांसी, ईएमएस। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पास नवाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत क्षेत्र में मंगलवार को देर रात ट्रक व बस में भीषण भिड़न्त हो गयी। इसमें बस के 2 हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 2 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घायलों को मेडिकल कॉलिज में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बस (एमपी 07 पी 5565) ग्वालियर से सवारियाँ लेकर टीकमगढ़ जा रही थी। मंगलवार की रात लगभग 1 बजे बस झाँसी के बस स्टैण्ड पर पहुँची। यहाँ से दूसरी बस की सवारियों को लेकर वह टीकमगढ़ के लिए रवाना हुयी।

इसी बीच बस में दूसरी बस का हेल्पर भी चढ़ गया। रात लगभग 1-30 बजे बस बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पास पहुँची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया।

मैच खेलकर लौट रहे दो युवकों को पिकअप ने मारी टक्कर, दोनों ने तोड़ा दम

दमोह, यशभारत। दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में मैच खेलकर घर आ रहे दो बाइक सवार युवकों को पिकप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवको की मौत हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।नोहटा थाना से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम बडगुवां में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चल रहा है। जिसमें लखन पिता कल्लू केवट 29 वर्ष और प्रहलाद पिता निर्मल गंधर्व 29 वर्ष निवासी नोहटा मंगलवार को मैच खेलने बाइक से गए थे। टूर्नामेंट में मंगरई और हरदुआ के बीच मैच खेला गया था। मैच खत्म होने के बाद दोनों युवक अपनी बाइक पर सवार होकर जैसे ही ग्राउंड से बाहर निकले, एक अज्ञात पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

संसद परिसर में 12 विपक्षी पार्टियों का जोरदार प्रदर्शन

सोनिया बोलीं- तवांग मामले में सरकार जिद पर अड़ी, जनता को सच पता नहीं लग रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। 12 विपक्षी दलों के सांसदों ने चीन सीमा विवाद पर बुधवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। सांसदों ने सरकार मांग की है कि तवांग झड़प मामले में संसद में विस्तार से चर्चा हो। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। सोनिया गांधी ने कहा कि चीन की तरफ से सीमा पर अतिक्रमण गंभीर चिंता का विषय है। जनता और संसद को ष्ट्र की स्थिति का का पता नहीं लग पा रहा है, लेकिन सरकार जिद पर अड़ी है और इस पर चर्चा नहीं करना चाहती। सोनिया गांधी ने कहा कि चीन की तरफ से सीमा पर अतिक्रमण गंभीर चिंता का विषय है। जनता और संसद को ष्ट्र की स्थिति का का पता नहीं लग पा रहा है। सोनिया गांधी ने कहा कि चीन की तरफ से सीमा पर अतिक्रमण गंभीर चिंता का विषय है। जनता और संसद को ष्ट्र की स्थिति का का पता नहीं लग पा रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सेना की आलोचना नहीं कर रहे हैं। हम सेना के साथ हैं, लेकिन सवाल देश की पॉलीटिकल लीडरशिप के बारे में है। हम बस इतना चाहते हैं कि सरकार बॉर्डर की स्थिति पर चर्चा करके देश के लोगों के भरोसे में ले।

एनआरआई कॉलेज के बाहर देर रात तक धरने पर बैठे नर्सिंग स्टूडेंट्स

एडमिशन के दो साल बाद बताया कॉलेज की मान्यता तो है ही नहीं

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में फर्जीवाड़े की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। रविवार शाम राजधानी भोपाल के रायसेन रोड पर स्थित एनआरआई कॉलेज के सैंकड़ों छात्र-छात्राएं धरने पर बैठ गए। एनएसयूआई मेडिकल विंग के पूर्व प्रदेश समन्वयक रवि परमार के नेतृत्व में नर्सिंग स्टूडेंट्स देर रात तक धरने पर बैठे रहे। दरअसल, एनआरआई कॉलेज प्रशासन ने दो साल पहले सैंकड़ों छात्र-छात्राओं का नर्सिंग कॉलेज में दाखिला लिया था लेकिन दो साल बाद अब कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को बताया कि कॉलेज के पास मान्यता नहीं है। ऐसे में उन्हें डिग्री नहीं मिलेगी। अब सैंकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। छात्र परेशान हैं कि अब वे क्या करें। छात्र संगठन एनएसयूआई की मेडिकल विंग इन छात्रों के समर्थन में कॉलेज के बाहर मंगलावर शाम से धरने पर बैठी है। साथ में सैंकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं भी मौजूद हैं।

मप्र एनएसयूआई मेडिकल विंग के नेतृत्व में धरने पर बैठे सैंकड़ों छात्र-छात्राएं, कॉलेज संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

एनएसयूआई मेडिकल विंग के रवि परमार ने कॉलेज संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। परमार ने कहा कि सैंकड़ों स्टूडेंट्स डिप्रेशन में हैं, कोई अनहोनी होती है, कोई स्टूडेंट कोई आत्मघाती कदम उठाता है तो इसके लिए एनआरआई कॉलेज प्रशासन और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग जिम्मेदार होंगे। रवि परमार ने कहा कि, मामा के राज में भांजे भांजियों का करियर दांव पर लगा है, लेकिन मामा कुंभकर्ण की निद्रा में हैं। मामा शिवराज बताएं कि दो साल बाद ये स्टूडेंट्स कहां जाएंगे? मुख्यमंत्री अपने बेटे को तो पढ़ने विदेश भेज दिया, लेकिन प्रदेश के बाकी स्टूडेंट्स डिग्री और शिक्षा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं।

जैन तीर्थस्थल सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल बनाने का विरोध

भोपाल, जबलपुर, सागर, उज्जैन में आज बाजार बंद

भोपाल, यशभारत। झारखंड के गिरिडीह स्थित सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल बनाए जाने का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जैन समाज स?कों पर उतर आया है। देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। आज इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, सागर, नर्मदापुरम, खंडवा के अलावा प्रदेश के दूसरे जिलों में भी बंद बुलाया गया है। भोपाल में व्यापारी दोपहर 2 बजे तक दुकानें बंद रखी गई हैं। न्यू मार्केट, दस नंबर मार्केट, एमपी नगर, कोलार समेत पुराने शहर के ज्यादातर व्यापारियों ने दुकानें बंद रखने का फैसला लिया है। करोंद अनाज मंडी पूरे दिन बंद रहेगी। दोपहर में सकल जैन समाज मौन रैली भी निकालेगा। जबलपुर शहर में भी विरोध हो रहा है।

जबलपुर में भी जैन प्रतिष्ठान बंद रखकर मौन जुलूस निकाला गया। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भारतीय व्यापार मंडल, भोपाल व्यवसायी महासंघ, न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ समेत कई संगठनों ने 21 दिसंबर को दुकानें दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का फैसला लिया है। भोपाल ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मंडी में नीलामी कार्य में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया। यानी करोंद अनाज मंडी व्यापारी बुधवार को अनाज की खरीदी नहीं करेंगे।

यह है पूरा मामला

श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्म के पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है। जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकर भगवान और असंख्य महामुनिराजों ने इसी पवित्र भूमि से तपस्या कर निर्वाण प्राप्त किया है।

कमलनाथ ने झारखंड के सीएम को लिखा लेटर

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेटर लिखा है। कमलनाथ ने लिखा- सम्मेद शिखर जी से जैन समाज की अटूट आस्था जु?ी हुई है। सरकार के इस फैसले से तीर्थ स्थल की स्वतंत्र, धार्मिक पहचान और पवित्रता नष्ट होने की संभावना है। फैसले पर पुनर्विचार करते हुए निर्णय को वापस लें। आज सागर में भी बंद बुलाया गया है। जैन युवा महासभा अध्यक्ष अनुराग जैन ने कहा कि सम्मेद शिखर जी को झारखंड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल बनाने के निर्णय के विरोध में आज सागर बंद रखा गया है। विरोधस्वरूप रैली निकाली गई रैली दोपहर में कटरा स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से शुरू हुई। उज्जैन में भी आज बंद का आह्वान किया गया है। 22 दिसंबर को विशाल मौन रैली निकाली जाएगी। नर्मदापुरम और खंडवा में भी आज बंद बुलाया गया है।

विदेशी सैलानियों से कटनी में भी चिंता

कोरोना रिटर्न : भारत में भी सर्तकता के निर्देश, नेशनल पार्क आते हैं विदेश पर्यटक

कटनी, यशभारत। दुनिया में कोरोना के बढ़ते मामले फिर डराने लगे हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट मोड पर है। देश की स्थिति में कोई चिंता की बात नहीं होने का सरकार दावा कर रही है लेकिन यह भी सत्य है कि कोरोना अभी पूरी तरह से गया नहीं है। अब सवाल उठता है कि कटनी जिला कोविड से निपटने के लिए कितना तैयार है। जिले में लोग कोरोना को भूल चुके हैं। पर अब एक बार फिर से कोविड से चिंता करने की जरूरत है। कटनी जिला ऐसा जिला है जो अति संवेदनशील श्रेणी में है यह इसलिए क्योंकि कटनी रेल सड़क मार्ग से देश भर से जुड़ा है। यही नहीं कटनी से जुड़े दो दो नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व भी हैं जहां नए वर्ष की छुट्टियां मनाने भारत ही नहीं दुनिया भर से पर्यटक आना शुरू हो गए हैं। चूंकि यह सैलानी अधिकांश कटनी से ही होकर

निकलते हैं कुछ कटनी में रूक कर आगे की यात्रा करते हैं। बड़े शहरों तथा विदेशों से आने वाले लोगों विशेष तौर पर दुनिया के पांच देशों के पर्यटकों के लिए सरकार ने भी एडवाइजरी जारी की है। विदेशों से अगर कोविड फिर से भारत आता है तो कटनी में आने वाले विदेशी सैलानियों को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है। अमूमन मास्क भीड़ आयोजन आदि से पूरी तरह से प्रदेश में प्रतिबंध समाप्त कर लिया गया है लेकिन फिर भी समझदार लोग मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग कर रहे हैं पर अधिकांश ने यह सब कुछ छोड़ दिया है। मौसम में ठंडक बढ़ रही है ऐसे में दिल की बीमारी अथवा फेफड़ों के संक्रमण का खतरा पहले ही बना है अब कोविड को लेकर भी चिंता होना जायज है। जिला प्रशासन शासन की गाइड लाइन के इंतजार में है फिलहाल कोई भी गाइड लाइन जारी नहीं हुई है। लेकिन लगभग तय है कि यह गाइड लाइन जारी होगी। आपको बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया बुधवार को देश में कोविड-19 की स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक शुरू हो गई है। इसमें कुछ बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

एक्सपर्ट व्यू: भारत में खतरा नहीं क्योंकि वैक्सीनेशन के 3 राउंड हो चुके

एक्सपर्ट के मुताबिक भारत जैसे देश को खतरा नहीं है, क्योंकि हमारे देश में वैक्सीनेशन के 3 राउंड हो चुके हैं। लोगों में इम्यूनिटी डेवलप हो चुकी है। कोरोना तो भारत में भी हर जगह होगा, लेकिन वह अब हम पर इसीलिए असर नहीं कर रहा। अब कोरोना का भारत में खतरा नहीं है। डाक्टर नीरेश जैन बताते हैं कि खतरा तो नहीं है लेकिन फिर भी सतर्कता जरूरी है विशेष तौर पर हृदय और लंग्स के रोगियों के लिए। मौसम में बदलाव वैसे भी सांस की बीमारी का कारण बनता है ऐसे में कोविड का वायरस थोड़ा भी असर डालेगा तो बीमारी बढ़ जाएगी। डॉ मनीष गट्टानी ने कहा कि शासन स्तर पर निर्देश जारी हो तभी सतर्कता अपनाई जाए ऐसा नहीं लोगों को स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। देश में लोगों की हर्ड इम्यूनीटि जरूर हो गई है पर कोविड निरंतर अपने रूप बदल रहा है। नया वेरियेंट कैसा है इसके बारे में ज्यादा पता नहीं इसलिए अच्छा यही कि हम अभी से इससे निपटने की तैयारी कर लें।

विधायक संजय पाठक के प्रयास रंग लाए

विजयराघवगढ़ की 9 सड़कों के निर्माण को हरी झंडी

कटनी, यशभारत। विजयराघवगढ़ के विधायक पूर्व मंत्री संजय पाठक 0 के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपयों की सड़कों को मप्र शासन ने निर्माण की स्वीकृति दी है। मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को प्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने द्वितीय अनुपूरक बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया है जिसमें विजयराघवगढ़ विधानसभा की करोड़ों की लागत से बनने वाली नौ सड़कों के कार्य की स्वीकृति मिली है ।विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय पाठक अपने क्षेत्र के जनहितेषी विकास कार्यों के लिये सदैय प्रयत्नशील रहते हैं। अपने लगातार चारों कार्यकाल में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का नया रिकार्ड कायम कर दिया है। विकास कार्यों की ताजा कड़ी में श्री पाठक ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से क्षेत्र विकास को ध्यान रखते हुए सड़कों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था इससे पूर्व भी इस वित्तीय बजट में कई सड़कों एवं कार्यो की स्वीकृति कराई थी अब अनुपूरक बजट में उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में 9 अति महत्वपूर्ण सड़कों के नवीन निर्माण एवं मार्ग सुदृढीकरण कार्य की स्वीकृत करवाई है।

इन सड़कों को मिली निर्माण एवं मार्ग सुदृढीकरण स्वीकृति

1. अमुवारी से बनिगवां पहुंच मार्ग 3.13 करोड़
2. हैरया ध्वैया से श्रमनगर पहुंच मार्ग 2.5 करोड़
3. खितौली से नया गांव मिडरा पहुंच मार्ग 2.5 करोड़
4. वि.गढ़ बरही रोड से बिलहा मोड़ से बनगवां 3.13 करोड़
5. देवरी मझंगवां से गुड़ गुडौहा कैमोर मार्ग 4.38 करोड़
6. बरही से ताला मानपुर सुदृढीकरण 12.00 करोड़
7. बरही डोली रोड का सुदृढीकरण 2.25 करोड़
8. विजयराघवगढ़ कैमोर मार्ग का सुदृढीकरण 1.35 करोड़
9. दरौडी हथेड़ा पहुंच मार्ग 1.35 करोड़

अनुपूरक बजट में इन सड़कों के निर्माण एवं मार्ग सुदृढीकरण को मंजूरी मिलने की खबर आने से विधानसभा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों ने अत्यन्त हर्ष के साथ इस नई सौगात के लिये माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ,वित्तमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ,विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

रणवीर कर्ण जिला उपाध्यक्ष एवं धीरेंद्र बहादुर सिंह बने जिला मंत्री

कटनी,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की अनुमति से एवं संभाग प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संजय साहू की सहमति से जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने रिक्त जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की है जिसमें जिला उपाध्यक्ष का दायित्व रणवीर कर्ण एवं जिला मंत्री का दायित्व धीरेंद्र बहादुर सिंह को दिया गया है। इस नियुक्ति से समस्त जिला पदाधिकारियों, समस्त मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठ, अध्यक्ष, संयोजकों सहित जिले के समस्त भाजपाजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

अटकी कटनी की सीवर लाइन औपचारिकता की फाइल में गुम

कटनी, यशभारत। शहर में ड्रेनेज सिस्टम, पेयजल सप्लाई, सीवर लाइन के पानी की ट्रीटमेंट करने के लिए अमृत योजना के तहत फरवरी 2017 में सीवर लाइन का काम शुरू किया गया। 2018 में कार्य ने गति पकड़ी और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को 2019 में पूरा किया जाना था। इसका ठेका हरियाणा की कंपनी केके स्पन को दिया गया। कंपनी ने इस योजना को पलीता लगाकर रख दिया। समय बढ़ाकर मार्च 22 की मियाद दी गई, इसके बाद भी ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। जहां भी काम हुआ वह गुणवत्ताविहीन है। इसका दंश शहर की जनता भुगत रही है। लापरवाही पर नगर निगम ने ठेकेदार को सिर्फ टर्मिनेट करने की ही औपचारिकता की है। रिटेंडर की प्रक्रिया नगर निगम ने अपनाई है। इसमें गुजरात के ठेकेदार ने टेंडर डाला है। शेष बचे 144 किलोमीटर सीवर लाइन कार्य, 3 एसटीपी के सिविल व मैकेनिकल वर्क शामिल है। यह कार्य कंपनी ने 97 करोड़ रुपए में करने का टेंडर जयंती सुपर कंपनी ने डाला है। 25 दिन पहले यह प्रस्ताव राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) के पास अटका है, अभी तक इसमें यह रिपोर्ट नहीं आई कि ठेकेदार से कार्य कराना है कि नहीं। गौरतलब है कि ठेकेदार ने लगभग 53 प्रतिशत अधिक राशि का टेंडर डाला है,जो नगर निगम के बड़ा भार है। केके स्पन कंपनी शहर में 277 किलोमीटर की सीवर लाइन डालकर तीन एसटीपी बनाते हुए शहर का ड्रेनेज सिस्टम ठीक करना था। कुल 134 किलोमीटर ही लाइन पड़ी है। जगह-जगह टूट रहे पाइप, सड़क धंस रही है। 9 हजार 140 हाउस चेम्बर में से महज 3553 ही बन पाए हैं। 144 किलोमीटर की सीवर लाइन डलना शेष है। माधवनगर, कटोघाट मार्ग व कुठला में एसटीपी प्लांट बनाना है।

क्या करंट लगने से हुई थी 5 बच्चों की मौत

पीएम रिपोर्ट में डूबने से मौत

जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम जिला अस्पताल के दो डॉक्टरों ने किया था। दोनों डॉक्टरों ने पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट करते हुए पानी में डूबने से होना बताया। पुलिस अफसरों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट अभिमत न मिलने पर ही सैम्पल जांच के लिए भेजने का प्रावधान है।

इसलिए आशंका

परिजनों ने बताया कि नदी में जिस स्थान पर बच्चे डूबकर मृत हुए है वहां से बिजली तार भी गुजरी हुई है। सिंचाई के लिए पम्प नदी में डाले जाते हैं। कई बार मछली मारने के लिए करंट भी लगाया जाता है। परिजनों ने कहा कि संभवतः इसी से करंट के लगने से बच्चों की मौत हुई है।

कटनी, यशभारत । एक साथ पांच बच्चों के डूबने और अजीबोगरीब ढंग से आसपास किसी को कानोकान खबर नहीं लगने से कुछ सवाल खड़े हुए हैं। हादसे को लेकर दिवंगत बच्चों के घर वालों ने भी शंका व्यक्त की है।

एनकेजे थाना क्षेत्र के देवराखुर्द गांव में करीब एक माह पहले जन्मदिन की पार्टी मना रहे 5 नाबालिग दोस्तों की नदी में डूबने से हुई मौत को लेकर परिजनों ने बुधवार को सीएसपी से मिलकर एक बार फिर जांच की मांग की। परिजनों ने डूबने से नहीं बल्कि करंट लगने से मौत होने की आशंका

व्यक्त की है। कलेक्टर-एसपी से शिकायत करने के बाद पांचों परिवारों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है। मांग की गई है कि मौत के कारणों की उच्चस्तरीय जांच की जाए। दूसरी और हादसे के दो माह बाद भी प्रशासन ने अब तक सभी पीड़ित परिजनों को राहत राशि जारी नहीं की है।

17 अक्टूबर को हुए इस हादसे को लेकर मृत नाबालिगों के पिता सोनेलाल विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, ब्रजमोहन सिंह, शिवचरण चक्रवर्ती व मृतक के दादा अनंतराम सोनी ने बताया कि हम सभी को बच्चों की मौत पर संशय है। सभी बच्चे तैरना जानते थे और सभी की डूबने से ही मौत हो गई। किसी भी बच्चे की बॉडी कई घन्टे पानी में रहने के बाद भी नहीं फूली। पोस्टमार्टम में भी बॉडी से पानी नही निकला। पुलिस ने भी इस गंभीर हादसे की जांच को सिर्फ डॉक्टर से मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अंतिम रूप दे दिया और प्रिजर्व किए गए बोन फीमर (जांघ की हड्डी) को एक्सपर्ट से जांच के लिए नही भेजा।

कटनी में बिना रूके चलेगी गुवाहाटी-राजकोट स्पेशल ट्रेन

कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर दो-दो ट्रिप होगा परिचालन

कटनी, यशभारत। रेलवे के द्धारा नए साल में यात्रियों को सुविधा प्रदान करने गुवाहाटी से राजकोट के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन तो कटनी होकर किया जा रहा है लेकिन इसका ठहराव कटनी में नहीं दिया गया है जबकि यह ट्रेन कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर गुजरेगी। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 05638 गुवाहाटी-राजकोट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 28 दिसंबर एवं 04 जनवरी को गुवाहाटी स्टेशन से 09:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय 09:15 बजे, सतना 16:55 बजे, बीना 22:30 बजे, तीसरे दिन उज्जैन 05:35 बजे, रतलाम 07:30 बजे और 19:10 बजे राजकोट जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05637 राजकोट-गुवाहाटी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 31 दिसंबर एवं 07 जनवरी को राजकोट स्टेशन से 13:15 बजे, रतलाम 23:25 बजे, दूसरे दिन उज्जैन 01:50 बजे, बीना 07:50 बजे, सतना 12:30 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय 22:50 बजे और तीसरे दिन 20:20 बजे गुवाहाटी स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 11 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 23 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में न्यू बोंगाईगांव, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुढ़ी, कटिहार, बरौनी जंक्शन, हाजीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, सतना, बीना जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, नागदा, रतलाम जंक्शन, छायापुरी, अहमदाबाद एवं सुरेन्द्र नगर स्टेशन पर ठहराव लेगी।

बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, मौत

बरही के पिपरियाकलां में सड़क दुर्घटना

कटनी, यशभारत। बरही थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया सहलावन में एक बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। ट्रक से कुचल जाने के कारण युवक की मौके पर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पटेल निवासी ग्राम परसवारा को पिपरियाकलां में ट्रक ने कुचल दिया और वहां से भाग निकला। युवक की मौके पर मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुकान में जल रही थी चोरी की बिजली

नगर निगम के सामने बिजली विभाग की टीम का छापा

कटनी, यशभारत। नगर निगम के सामने ईश्वरीपुरा वार्ड में एक दुकान में चोरी से बिजली जलाई जा रही थी। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मुखबिर की सूचना पर चोरी से बिजली जलाने व दुकान चलाने पर कार्रवाई की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हीरा आनंद पिता बागीराम के नाम से ईश्वरीपुरा वार्ड में मीटर लगा हुआ है। दुकान में हामिद नामक व्यक्ति द्वारा चोरी की बिजली जलाई जा रही थी। सूचना पर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के जेई अभिलाष सिंह परिहार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर धारा 135 के तहत कार्रवाई की है। इसी प्रकार शहरभर में अनाधिकृत विद्युत के उपयोग एवं काटी गई लाइन को बिना पेमेंट जमा किए उपयोग करने पर विद्युत अधिनियम की धारा 138/135 के तहत कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई 18 करोड़ रुपए बिल बकाया होने पर की जा रही है। शहर संभाग के कार्यपालन यंत्री सुभाष नागेश्वर ने बताया कि विनोद कुमार झरिया इंद्रा ज्योति कॉलोनी सर्विस केबल को काट कर बिजली का अनधिकृत उपयोग, तिलक नाथ सोनी नई बस्ती मीटर बाइपास कर बिजली का उपयोग, अरविंद तिवारी को ब्रिज के पास से सर्विस केबल को काट कर बिजली चोरी करते पाया गया। इसी प्रकार सूदन श्रीवास गायत्रीनगर को मीटर बाइपास, विसमिल्ला बेगम ब्रिज के पास मीटर बंद कर अधिक भार का उपयोग करते पाया गया। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह अक्ल कुमार दुबे पुरैनी, अजय विश्वकर्मा को एनकेजे के ऊपर काटी गई लाइन को बिना बिल जमा किए विद्युत का उपयोग करने पर कार्रवाई की गई। वहीं शहर बड़े बकायेदारों पर भी कार्रवाई की गई। डीई सुभाष नागेश्वर राजेंद्र कुमार गुप्ता रावत गली पर 33 हजार 525, मेवालाल हीरवारा पर 26 हजार 224, राजू गौतम हिरवारा पर 49 हजार 422, मटिया हिरवारा पर 33 हजार 177, पुरुषोत्तम कनौजिया पुरैनी पर 36 हजार 527, शंख निषाद इंदिरानगर पर 61 हजार 684, राकेश निषाद इंदिरा नगर पर 54 हजार 808, गेंदा बाई इंदिरा नगर पर 45 हजार 479, मनसुख कैलवारा खुर्द पर 57 हजार 660, भूरा काछी कैलवारा खुर्द पर 49 हजार 830, गौरव मिश्रा खरखारी पर 45 हजार 449, महेश खत्री कुम्हार मोहल्ला माधव नगर पर 31 हजार 663 रुपए का बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए हैं।

कई जगह मीटर बायपास कर हो रहा था बिजली का उपयोग, बकायादारों के भी कटे कनेक्शन

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 4 शो ता. 16 से
सुबह 11.30-2डी, 3-3डी, 6.45-3डी एवं रात्रि 10.15-2डी बजे से
अवतार
3D (हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 300/-, 280/-,240 /-
2डी - 250/-, 230/-,190 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से



सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 23 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/-
अपर क्लास-80/-

कार्यालय रिटर्निंग सुख सागर मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चरगवां पं. क्र. 118911
सुख सागर मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चरगवां पं.क्र. 118911 के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।
दिनांक- 19.12.2022
(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक 19.12.2022 (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक 26.12.2022 (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक 27.12.2022 (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक 28.12.2022 (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक 02.01.2023 (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक 03.01.2023 (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक 03.01.2023 (8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक 06.01.2023। उक्त सभी कार्यक्रम संस्था कार्यालय चरगवां में सम्पन्न होंगे। संस्था के समस्त सदस्यों का निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना संस्था द्वारा प्रेषित की जा रही है।
एस.के. जैन (रिटर्निंग अधिकारी)
सुख सागर मछुआ सहकारी समिति मर्या. चरगवां पं. क्र. 118911

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 21 दिसम्बर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

पंचायत में लगा भ्रष्टाचार का दीमक, 50 मीटर की नाली खा गए जिम्मेदार

नाली, सड़क और बाउंड्रीवाल के निर्माण में खुलेआम भ्रष्टाचार, सरपंच, सचिव, इंजीनियर व ठेकेदार पर लगे गंभीर आरोप

कटनी/बरही, यशभारत। जनपद अंतर्गत विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गैरतलाई में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया। इंजीनियर, सचिव, सरपंच और ठेकेदार की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट कर लिया गया, जिसकी पोल उस वक्त खुली जब जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र तिवारी ने ग्राम पंचायत पहुंचकर कार्यों का भौतिक सत्यापन करवाया।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गैरतलाई में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में हुए निर्माण कार्यों की मौके पर जांच करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र तिवारी एवं अन्य अधिकारी।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र तिवारी खुद टेप लेकर विकास कार्यों के तहत बन रही सड़क, नाली, बाउंड्रीवाल की लंबाई और मोटाई नापी तो उनकी आंखे खुली की खुली रह गई। इस तरह के गोलमोल कारनामे की उन्हें कतई उम्मीद नहीं थी। ग्राम विकास योजना के तहत कराए जा रहे जिन कामों को उन्होंने देखा कि जिस नाली की लंबाई 200 मीटर बननी थी। वह नाप जोख में मात्र 150 मीटर ही निकली। इसी तरह एक और दूसरी नाली 200 मीटर की जगह 155 मीटर ही बनाई गई थी और राशि का आहरण पूरा कर लिया गया है। जनपद सीईओ ने खुद इस बात को स्वीकारते हुए कहा है कि पंचायत के औचक निरीक्षण में जब वह पहुंचा तो नालियों की लंबाई नवाई जिसको देखकर मैं खुद अचरज में पड़ गया श्री तिवारी ने चर्चा में बताया की पूर्व के कार्यकालों की जांच कराई तो वो वास्तविकता सामने आ जायेगी।

यश भारत पड़ताल

जनपद पंचायत सीईओ के औचक निरीक्षण से खुली पोल

सरकारी राशि का बन्दरवाट

ग्रामीण सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा चौदहवे और पन्द्रहवे वित्त का पैसा बिना काम किए ही 20 लाख की राशि को आहरित कर लिया गया। यदि इन सभी कार्यों और पिछली पंचवर्षीय में हुए समस्त कामों की भौतिक सत्यापन उच्च अधिकारियों की एक टीम बनाकर करवाई जाए तो वास्तविकता सामने आ जाएगी। बहरहाल जनपद सीईओ श्री तिवारी द्वारा किए गए निरीक्षण में विकास कार्यो के नाम पर शासकीय राशि का ग्राम पंचायत गैरतलाई में जमकर हुए दुरुपयोग, बन्दरवाट पर क्या कार्यवाई हुईए यह अभी तक क्लियर नहीं है। जनपद सीईओ कार्यवाई करेंगे या फिंर वे भी भ्रष्ट्राचार के इस मकड़जाल में शामिल हो जाएंगे, देखना यह दिलचस्प होगा।

इनका कहना है

ग्राम पंचायत गैरतलाई में 2 नालियों का निर्माण कराया गया, जिनकी लंबाई इस्टीमेट में 200-200 मीटर निर्धारित थी लेकिन 150-155 मीटर का निर्माण मौके में पाया गयाए जबकि पंचायत द्वारा निर्माण की पूरी राशि आहरित की गई है, वही बॉउंड्री निर्माण भी इस्टीमेट के हिसाब से नही हुआ है। इस मामले में नोटिस जारी की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

-सुरेंद्र तिवारी, सीईओ, जनपद विजयराघवगढ़

बोरियों में कम मिली धान, शिकायतों की जांच करने पहुंचे खाद्य अधिकारी

कटनी, यशभारत। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के साथ ही अनियमितताओं की शिकायतें भी शुरू हो गई हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर इन शिकायतों की जांच भी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक विपणन सहकारी समिति उमरियापान धान खरीदी केंद्र में प्रभारी द्वारा अनियमितताएं किए जाने की शिकायत पर जांच शुरू हो गई है। बताया जाता है कि खाद्य निरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने विगत दिवस उमरियापना क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में रखी किसानों की उपज को देखा। तौल हो चुकी उपज और किसानों द्वारा लाई गई उपज की जांच की। दो किसानों की उपज अमानक होने पर फिर से पंखा, छन्ना और ग्रेडर लगाने के निर्देश दिए। ग्रेडर बंद होने पर फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि ग्रेडर चलाएं, शोपीस बनाकर न खड़ा करें। केंद्र में पर्याप्त मात्रा में उपज होने पर केंद्र प्रभारी शरद को कांटा और मजदूर बढ़ाने के निर्देश दिए। जांच के दौरान फूड इंस्पेक्टर ने किसानों की मौजूदगी में नए बारदाने में भरी उपज की तुलाई कराई तो कई में कम उपज निकली। खाद्य निरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने बताया कि नई बोरी में 40 किलो 560 ग्राम बोरी सहित और पुरानी बोरी में 40 किलो 500 ग्राम बोरी सहित उपज होनी चाहिए। तुलाई के दौरान उपज से भरी बोरियों में 34 किलो, 35 किलो, 38 किलो और 40 किलो के करीब धान की उपज निकली। जिस पर जांच अधिकारी ने नाराजगी जताई और उपज की सफाई कराकर तौल कराने के निर्देश दिए। जांच के दौरान कृषि विभाग के सतीश ज्योतिषी सहित किसानों की उपस्थिति रही।

उमरियापान खरीदी केंद्र में हो रही थी अमानक धान की खरीदी, जांच के दौरान मिली अनियमितताएं

सरपंच पति ने निजी ट्रेडर्स के नाम पर बिल लगाकर निकाली दो लाख की राशि

बहोरीबंद जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत छपरा का मामला, शिकायत मिलने पर सीईओ करा रहे मामले की जांच

कटनी, यशभारत। राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में भले ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिए जाने का दावा किया जा रहा हो, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है। पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए पदों पर महिलाओं की ताजपोशी के बाद उनके पति इसका खुलेआम दुरुपयोग कर रहे है। ताजा मामला बहोरीबंद जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत छपरा का सामने आया है, जहां पति ने पत्नी के सरपंच होने का फायदा उठाना शुरु कर दिया है।

शिकायतों के अनुसार ग्राम पंचायत छपरा की सरपंच सुषमा गुप्ता के पति नीरज गुप्ता द्वारा पंचायत में हुए आंगनबाड़ी निर्माण व बाउंड्रीवाल कार्य के नाम पर दो किश्तों में 2 लाख रुपए के बिल निजी नीरज ट्रेडर्स के नाम पर लगाकर पंचायत खाते से राशि आहरित कर ली गई है। यह गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत जनपद पंचायत के सीइओ से की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 22 नवंबर 2022 को सरपंच पति के द्वारा निजी नीरज ट्रेडर्स के नाम 37 हजार 400 रुपये व 1 लाख 62 हजार 600 रुपए के बिल लगाकर राशि आहरित की गई है। यह मामला सामने आते ही हड़कम्प मच गया है और ग्राम पंचायत के कार्यों पर सवालिया निशान लग गया है। इस संबंध में सरपंच पति नीरज गुप्ता का कहना है कि इस संबंध में जनपद के अधिकारियों से चर्चा उपरांत ही निजी ट्रेडर्स के नाम पर सामग्री भुगतान का बिल लगाया गया है।

पंचायत सचिव पर भी उठी उंगलियां

ग्राम पंचायत छपरा के सचिव गंगाराम हल्दकार की संलिप्तता भी इस मामले में सामने आई है। आखिरकार नियमों के जानकारी सचिव को होते हुए भी सचिव ने क्यों सरपंच पति के नाम पर बिल लगाकर राशि आहरण करवाई। इस मामले पर सचिव गंगाराम हल्दकार का कहना था कि सरपंच पति की मनमानी से परेशान हूं। मनमाने तरीके से 2 लाख रुपये के बिल निजी ट्रेडर्स के नाम लगवाया गया है। छपरा पंचायत से सचिव पद से अलग होने जनपद सीइओ को पत्र लिखा गया है।

गुणवत्ताहीन कार्य कराए जा रहे

शिकायतों में यह भी बताया गया है कि छपरा में हो रहे निर्माण कार्यों की पोल उपयंत्री व एसडीएम के निरीक्षण में खुल चुकी है। 15 दिवस पहले बनी रोड के परखच्चे उड़ना शुरू हो गए थे, साथ ही बाल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा था। जिसका जांच प्रतिवेदन भी अधिकारियों के द्वारा कारवाई के लिए जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया है।

इनका कहना है

ग्राम पंचायत छपरा सरपंच पति द्वारा 2 लाख रुपए का बिल निजी ट्रेडर्स के नाम पर पंचायत खाते में बिल लगाकर राशि आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है, जो कि नियमों के विपरीत है। मामले की जांच कराई जाएगी व जांच उपरांत सरपंच पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

-अभिषेक कुमार, सीइओ जनपद पंचायत बहोरीबंद

दबंगों ने पौधों को उखाड़ा, शासकीय भूमि पर जबरन किया कब्जा

एसडीएम व तहसीलदार से की कार्रवाई की मांग

कटनी, यशभारत। ग्राम खमतरा के पंचवन की शासकीय भूमि में गांव और दूसरे गांवों के अन्य लोगों द्वारा कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों को नष्ट और पौधों को उखाड़ फेंका गया है, जिससे ग्राम पंचायत को नुकसान हो रहा है। शिकायतों के मुताबिक ग्राम पंचायत खमतरा के पंचवन स्थित खसरा नम्बर 68 रकवा नम्बर 19.19 और खसरा नम्बर 76 रकवा नम्बर 2.70 हैं। उक्त भूमि पर ग्राम पंचायत खमतरा द्वारा पौधरोपण जल अवशोषण खंती कंटूर ट्रेंच का निर्माण कार्य कराया गया। आम, सगौना, अमरूद के फल व छायादार पौधों का रोपण किया गया। लेकिन गांव व आसपास के गांवों ने कुछ दबंग लोगों ने पौधों को उखाड़कर और जल अवशोषक खंती को नष्ट कर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच ने इस पर रोक लगाई लेकिन अतिक्रमणकर्ताओं ने किसी की न सुनी और कब्जा करने में जुट गए। हालांकि सरपंच पुष्पा बाई कोरी और पंचायत सचिव दीनू साहू ने इसकी शिकायत ढीमरखेड़ा एसडीएम और तहसीलदार से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम नर्दिमा शीरी का कहना है कि खमतरा सरपंच के द्वारा शिकायत मिली है। मामले की जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित नाटक की शानदार प्रस्तुति

एस एस फिलिप एंड जेम्स सीएनआई चर्च में क्रिसमस मेले का आयोजन

कटनी, यशभारत। समूचे विश्व को प्रेम और शांति का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस डे की तैयारियां शहर में जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। क्रिसमस डे को लेकर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित चर्चों एवं गिरजाघरों में आकर्षक साज सजावट की जा रही है। मसीही धर्मावलंबियों द्वारा भी घरों में तैयारियां की जा रही है। इसी क्रम में एस एस फिलिप एन्ड जेम्स चर्च सीइनआई में क्रिसमस कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिसमस गीत नाट्य संध्या एवं मेले का आयोजन चर्च प्रांगण में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीहीजनों एवं बच्चों की उपस्थिति रही। दोपहर 3 बजे से क्रिसमस मेले का उद्घाटन रेव्ह. थॉमस कुजूर द्वारा किया गया, तदुपरान्त संध्या 6 बजे से क्रिसमस गीत नाट्य संख्या कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। प्रभु के जन्म पर आधारित नाट्य की उपस्थित लोगों द्वारा सराहना की गई। इसमे एतुनुस गुड़िया, अंशिका मिंज, जॉय मथु, सैमुएल मसीह, ऑस्टीन सिंह, जॉय रुबिन, आकाश, आशीष मिनज, एन्जिल दस, येसब होरो, मिस्का जेकब, एस्थर लाल, इलियाना, आराध्या लाल, सेलिना मसीह, एजंलिशा स्मिथ, जॉय रुबिन, एलेक्स जोएल, अयांश जोएल ने हिस्सा लिया। एलियाना जोएल, अंकिता एंड्रयूज, ग्लोरी मसीह, शेफाली, मिस्का, शेनवी, आयुषी का नृत्य सराहा गया। युवा सभा, महिला सभा एवं संडे स्कूल के द्वारा गीत प्रस्तुति की गई। पूरे कार्यक्रम में हडसन स्मिथ, सौरव मसीह, अभिषेक मैथ्यूज, दीपा बक्स, रोजलीन शाहएरा मसीह, शैल मैथ्यूस, शरद मसीह, जेम्स मोसेस, नील, ऑनल, सामर्थ, अभिषेक प्रिंस का सहयोग सराहनीय रहा।

खाद बीज नहीं मिलने से परेशान किसानों ने घंटाघर रोड पर लगाया जाम

सड़क पर बैठकर की नारेबाजी, प्रशासन ने दिया आश्वासन, तब समाप्त हुआ चकाजाम

कटनी, यशभारत। खाद बीज नहीं मिलने से परेशान किसान आज सुबह घंटाघर रोड पर सड़क पर बैठ गए। सड़क पर बैठे किसानों की सुध लेने प्रशासन के अधिकारी आधे घंटे बाद यहां पहुंचे और आश्सान देकर चकाजाम समाप्त करवाया। किसानों का कहना है कि पिछले 4-5 दिनों से खाद एवं बीज के लिए भटकाया जा रहा है। गांव से जब किसान सोसायटी में खाद और बीज के लिए आते हैं तो उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि खाद बीज नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने आज सुबह घंटाघर रोड को जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर अपनी समस्या बताई। आधे घंटे तक सड़क में बैठे किसानों से बात करने के लिए तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर किसानों ने जाम समाप्त किया।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी में
जिले की एक मात्र न्यूरो & ट्रामा यूनिट
जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी यूनिट
न्यूरो सर्जन
ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक यूनिट
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी
ब्रेन की नसों की एंजियोग्राफी,एंजियोप्लास्टी
इन्ट्राकेनियल हेमरेज क्वाइलिंग
दूरबीन द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन के ऑपरेशन
Dr.S.K.Gupta
M.B.B.S., M.S. (SURGERY)
M.Ch (Neuro)
SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
पैथालॉजी
कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग एवं जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
हार्निया
ऐपेन्डिक्स
पित्त की थैली की पथरी
आंतों एवं पेट की अन्य बीमारियों हेतु
Dr.S.K.Singh
M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S
प्रतिदिन उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध
प्रतिदिन उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
paytm
book my show
From 16th December 2022
Show Timing 8:00 AM 11:45 AM 3:30 PM 7:15 PM 10:30 PM
AVATAR
Show Timing 2D 1:00 PM 3:45 PM 7:00 PM 9:45 PM
2D DRISHYAM 2
Show Timing 12:30 PM 3:30 PM 6:30 PM 9:15 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

संपादकीय

लाजबाव मैसी, सर्वोत्तम फाइनल

फीफा के तत्वावधान में फुटबॉल विश्व कप का निर्णायक मुकाबला रोमांच से सराबोर रहा। रविवार को कतर के लुसैल स्टेडियम में जो उम्दा खेल देखा गया, उसे देखकर तमाम दिग्गजों ने कहा कि इतना रोमांचक फाइनल पहले कभी नहीं देखा। तेज होती सांसों और बढ़ती धड़कनों के बीच फाइनल की रात अर्जेंटीना के चोटी के खिलाड़ी मेसी और फ्रांस के एमबापे के बीच शानदार खेल की जंग के रूप में याद की जायेगी। मेसी के लिये यह जीवन-मरण का प्रश्न था क्योंकि तमाम ख्याति और उपलब्धियों के बावजूद वे अब तक अपनी टीम को विश्वकप का खिताब नहीं दिला पाये थे। यूं उनकी तुलना दुनिया के बेहतरीन फुटबॉलरों पेले और मारोडोना से होती रही है, लेकिन विश्वकप न जीत पाने से उनकी उपलब्धि फीकी नजर आती थी। यह उनका आखिरी विश्वकप बताया जा रहा था।बहरहाल, कतर-22 विश्वकप जहां मेसी के सपनों को साकार करने वाला था, वहीं फ्रांस का लगातार दूसरी बार विश्वकप जीतने का सपना तोड़ने वाला। एमबापे के उम्दा खेल के बावजूद अर्जेंटीना को कामयाबी मिली। गोल्डन बूट हासिल करने के बावजूद हार से दुखी एमबापे को ढाढ़स बंधाने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को मैदान में उतरना पड़ा। बहरहाल सांसें थामने वाले इस फाइनल मैच में बेहतरीन फुटबॉल का खेल देखने को मिला। सत्तर मिनट तक एकतरफा नजर आने वाला फाइनल मैच बाद में लगातार नये रोमांच पैदा करता चला गया। मैच के दौरान अस्सीवें मिनट में पहला तथा दो मिनट बाद दूसरा तथा अतिरिक्त समय में तीसरा गोल करने वाले फ्रांस के बेहतरीन खिलाड़ी एमबापे का करिश्मा भी अर्जेंटीना को विश्वकप जीतने से वंचित न कर सका। यह संयोग ही है कि जहां अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनसआयर्स की सड़कों पर लोग दस नंबर की जर्सी के साथ झूम रहे थे, वहीं पेरिस में एमबापे की दस नंबर की जर्सी के साथ प्रशंसक उन्माद में थे। बस दोनों जर्सियों का रंग अलग था। जब निर्धारित समय के बाद मिले अतिरिक्त समय में भी फाइनल मैच का फैसला न हुआ तो पेनल्टी शूटआउट से निर्णायक मैच का फैसला हो पाया। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज फ्रांस की जीत के बीच दीवार बने नजर आये। यही वजह है कि फ्रांस चार मौकों में दो ही को गोल में बदल सका। गोलकीपर मार्टिनेज की दीवार के सामने एमबापे की मेहनत बेकार होती नजर आई। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने पर मिले गोल्डन बूट की चमक भी उसके मलाल को कम न कर सकी। राष्ट्रपति मैक्रों ने मैदान में आकर उसे संबल दिया कि हम जीत के करीब थे और ये सर्वोत्तम विश्वकप फाइनल था। निश्चय ही ऐसे लोकप्रिय वैश्विक आयोजन मानवीय भावों के चरम आवेगों को दर्शाते हैं। विचित्र संयोग देखिये कि जहां अर्जेंटीना के खिलाड़ियों की आंखों में खुशी के आंसू थे, वहीं फ्रांस के खिलाड़ियों की आंखों में हाथ आई जीत फिसलने के आंसू थे। कमोबेश ऐसी ही स्थितियां दोनों टीमों के समर्थकों में भी थी। बहरहाल, कतर में आयोजित फुटबॉल विश्वकप रोमांचक फाइनल के अलावा विवादों की श्रृंखला के लिये जाना जायेगा। वहीं अंततःसफल आयोजन के लिये उसकी सराहना भी हुई।

क्या आरटीआई अधिनियम अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है?

सरकार से पर्याप्त धन प्राप्त करने वाले कई निकायों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों को आरटीआई मुद्दों के तहत लाया गया है। इस अधिनियम की सुंदरता इसकी सादगी है। लेकिन, कुछ राज्यों में जटिल प्रारूप या नियम लोगों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। सूचना आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिसका अर्थ है कि अपील और शिकायतें लंबित रहती हैं। अप्रशिक्षित कर्मचारी और जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ) का असहयोगी समूह। कई आयुक्त खुलकर अपने राजनीतिक झुकाव का इजहार करते देखे गए हैं। यह याचिकाकर्ताओं के बीच पक्षपात की भावना पैदा करता है। अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को शामिल नहीं किया जा रहा है। आरटीआई के बारे में जागरूकता अभी बहुत कम है। जागरूकता का स्तर विशेष रूप से वंचित समुदायों जैसे महिला ग्रामीण आबादी, ओबीसी/एससी/एसटी आबादी के बीच कम है। आरटीआई शासन के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों को किसी भी राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने के लिए एक आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए।

आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों के कामकाज से संबंधित जानकारी तक पहुंच प्रदान करके लोगों को नीति निर्माण प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार देता है। कार्यकर्ताओं, वकीलों, नौकरशाहों, शोधकर्ताओं और पत्रकारों सहित विभिन्न वर्ग के नागरिक पंचायत स्तर से लेकर संसद तक सभी प्रकार के भ्रष्टाचार का पता लगाने के लिए आरटीआई का उपयोग कर रहे हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना, भ्रष्टाचार को रोकना तथा हमारे लोकतंत्र को सही मायने में लोगों के लिए कार्य करने वाला बनाना है। यह स्पष्ट है कि सूचना प्राप्त नागरिक शासन के साधनों पर आवश्यक नजर रखने के लिए बेहतर रूप से तैयार होता है और सरकार को जनता के लिए और अधिक जवाबदेह बनाता है। यह अधिनियम नागरिकों को सरकार की गतिविधियों के बारे में जागरूक करने की दिशा में एक ब?ा कदम है।

अधिकांश आरटीआई आवेदन ऐसे लोगों द्वारा दायर किए जाते हैं जो अपने मूल अधिकारों और अधिकारों के बारे में पूछ रहे हैं। तो इसने उस हद तक अपने उद्देश्य को पूरा किया है। भ्रष्टाचार विरोधी लोगों ने यह जानने के लिए आरटीआई कानून का इस्तेमाल किया है कि करदाताओं के पैसे के साथ क्या हो रहा है। इससे उन्हें आदर्श, कॉमनवेल्थ गेम्स और व्यापम जैसे बड़े घोटालों का पर्दाफाश करने में मदद मिली है। अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 60 लाख आवेदन दाखिल किए जा रहे हैं। इसका उपयोग नागरिकों के साथ-साथ मीडिया द्वारा भी किया जाता है। वे मानवाधिकारों के उल्लंघन का पर्दाफाश करने में भी सक्षम रहे हैं, और फिर उन मामलों में भी जवाबदेही तय करने में सक्षम रहे हैं। प्रत्येक नागरिक को अधिनियम के तहत सार्वजनिक प्राधिकरणों से सूचना का दावा करने का अधिकार है। इससे जनता की सक्रिय भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत हुआ।

सरकार से पर्याप्त धन प्राप्त करने वाले कई निकायों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों को आरटीआई मुद्दों के तहत लाया गया है। इस अधिनियम की सुंदरता इसकी सादगी है। लेकिन, कुछ राज्यों में जटिल प्रारूप या नियम लोगों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। सूचना आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिसका अर्थ है कि अपील और शिकायतें लंबित रहती हैं। अप्रशिक्षित कर्मचारी और जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ) का असहयोगी समूह। कई आयुक्त खुलकर अपने राजनीतिक झुकाव का इजहार करते देखे गए हैं। यह याचिकाकर्ताओं के बीच पक्षपात की भावना पैदा करता है। अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को शामिल नहीं किया जा रहा है। उदा. न्यायपालिका अधिनियम के अधीन नहीं है। आरटीआई के कार्यान्वयन के लिए पीआईओ को आवेदक को फोटो कॉपी, सॉफ्ट कॉपी आदि के माध्यम से जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होती है। ये सुविधाएं ब्लॉक और पंचायत स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं।

इस कानून के बारे में जागरूकता की कमी और व्यापक रूप से अपनाने की कमी आज भी है। 150 शब्दों के भीतर आरटीआई आवेदन वाले कुछ राज्य है वहां विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिन्हें औपचारिक शिक्षा का लाभ नहीं मिल सकता है। जन सूचना अधिकारी इस तरह के शब्दों का प्रयोग करते है कि विभाग के पास जानकारी नहीं है। आरटीआई अधिनियम के तहत सूचना रखने वाले का पता लगाने और आरटीआई आवेदन को स्थानांतरित करने की जिम्मेदारी अधिकारी की होती है। बड़ी संख्या में इनकार जहां लोगों को सिर्फ यह बताया जाता है कि यह जानकारी आपको प्रदान नहीं की जा सकती है, जो एक अवैध इनकार है।

सरकार से सूचना मांगने को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, डेटासेट और सूचना का रखरखाव सार्वजनिक डोमेन में रखना एक बड़ी समस्या बन गई है। उदाहरण-कोविड-19 के दौरान जब सरकार से पूछा गया कि ऑक्सीजन की कमी के कारण कितने लोगों की जान चली गई, प्रवासी श्रमिकों की संख्या के बारे में, तो सरकार ने कहा, हमारे पास कोई डेटा नहीं है. सूचना आयुक्तों के पास आरटीआई अधिनियम को लागू करने के लिए पर्याप्त अधिकार नहीं हैं। आयोग के आदेश के अनुसार सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा कार्यकर्ताओं को मुआवजे के पुरस्कार के मामले में, अनुपालन सुरक्षित नहीं किया जा सकता है। रिकॉर्ड रखने की खराब प्रथाएं सूचना आयोगों को चलाने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों की कमी व्हिसलब्लोअर संरक्षण अधिनियम जैसे पूरक कानूनों को कमजोर करती है। सरकार द्वारा संशोधन के प्रयास भी इसको कमजोर करते है जैसे फाइल नोटिंग सूचना के अधिकार का हिस्सा नहीं होंगे राजनीतिक दलों को आरटीआई अधिनियम के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

आरटीआई उपयोगकर्ताओं की धमकियों, हमलों और हत्याओं के बावजूद लोग अभी भी कानून का व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं, जो इस तथ्य की गवाही देता है कि यह कुछ ऐसा है जो उन्हें बहुत शक्तिशाली लगता है। डेटा संरक्षण विधेयक आरटीआई कानून में इस तरह से संशोधन करने की एक प्रणाली स्थापित करेगा कि सभी व्यक्तिगत सूचनाओं को छूट दी जाएगी। ऐसी बारीक जानकारी है जो यह कहते हुए लगाई जाती है कि यह उस व्यक्ति का नाम है, [ये हैं] जो राशन उन्हें दिया जा रहा है, उनका पता, ताकि सरकार पर दबाव बनाने और उन्हें रोके रखने के लिए सोशल ऑडिट को सक्षम किया जा सके।

सूचना का अधिकार अधिनियम सामाजिक न्याय, पारदर्शिता प्राप्त करने और सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए बनाया गया था लेकिन व्यवस्थित विफलताओं के कारण उत्पन्न कुछ बाधाओं के कारण यह अधिनियम अपने पूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर पाया है। आरटीआई के बारे में जागरूकता अभी बहुत कम है। जागरूकता का स्तर विशेष रूप से वंचित समुदायों जैसे महिला ग्रामीण आबादी, ओबीसी/एससी/एसटी आबादी के बीच कम है। आरटीआई शासन के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों को किसी भी राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने के लिए एक आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए।

डॉ सत्यवान सौरभ

दबाव से मुक्ति के लिए परिजन करें पहल

कोटा में फिर आत्महत्याएं

मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की कोचिंग के लिए चर्चित राजस्थान का शहर कोटा इन दिनों तीन छात्रों द्वारा आत्महत्या से फिर सुर्खियों में है। इनमें से दो छात्र बिहार और एक मध्यप्रदेश का था। इन तीनों छात्रों की उम्र महज सोलह से अठारह के बीच थी। बताया जाता है कि तीनों छात्र डिप्रेशन के शिकार थे।

दुखद है कि पिछले 15 सालों में राजस्थान के कोटा शहर में पढ़ाई के मानसिक दबाव के चलते करीब ढाई सौ छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। गौरतलब है कि जनवरी से दिसम्बर, 2018 तक तकरीबन 23 बच्चों ने आत्महत्या की। ऐसी घटनाएं पूरे देश के माता-पिताओं को पूरी तरह झकझोर देने वाली हैं।

दावा है कि 2025 तक इन कोचिंग संस्थानों को 5 लाख बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाना है जबकि मेडिकल तथा इंजीनियरिंग की सीटें महज हजारों में ही हैं। कोचिंग इंस्टीट्यूट की महज यही चिंता रहती है कि उनका रिजल्ट अच्छा बना रहे ताकि उनकी अच्छी कमाई हो सके। कोचिंग संस्थान प्रतिदिन लंबे-लंबे लेक्चर 500 से 600 बच्चों के बैचों को देते हैं। कई बच्चे कोचिंग के समय तालमेल नहीं बैठा पाते। शुरुआत में ही जो टेस्ट होता है उसमें सबसे अव्वल बच्चों का अलग बैच बन जाता है। अन्य बच्चे इससे अपना सामंजस्य नहीं बैठा पाते। अगर क्लास में कुछ समझ न आए तो कई बच्चे इतने ब?-ब? बैच में संकोच के कारण पूछ भी नहीं पाते। जिससे शिक्षक और बच्चों का संवाद ही नहीं हो पाता। ऐसे में बच्चा तनाव में आ जाता है। जो बच्चे परिवार से दूर रहते हैं उन बच्चों पर अकेलेपन के कारण तनाव तथा नकारात्मकता हावी हो जाती है। हताशा में आत्मघाती कदम उठा बैठते हैं। भारत के हर 10 में से 6 छात्र स्कूल या कॉलेज के अलावा अलग से ट्यूशन लेते हैं जबकि दूसरे देशों में 10 में से 4 छात्रों को इसकी जरूरत पड़ती है। अमेरिका, सऊदी अरब और अर्जेंटीना में तो 10 में से सिर्फ एक छात्र ट्यूशन लेता है। यानी स्कूल की पढ़ाई का स्तर ऐसा होता है कि ट्यूशन की जरूरत ही नहीं पड़ती। एक स्टडी के मुताबिक देश के 66 फीसदी बच्चों ने स्वीकार किया है कि उनके माता-पिता उन पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत दबाव डालते हैं। ऐसे माता-पिता अपने अधूरे सपनों को साकार करने का जरिया बच्चों को बनाते हैं और उन पर पढ़ाई का असहनीय बोझ डाल देते हैं, जिसमें ट्यूशन भी शामिल है। तमाम माता-पिता अपने बच्चों को सुपर किड बनाने की जिद पर अड़े रहते हैं। फलतः देश के भावी कर्णधार कई मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। इसी कारण बच्चों में आत्महत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि प्रत्येक पांच में से एक छात्रा आत्महत्या के बारे में सोचती है और 7.2 फीसदी छात्राएं आत्महत्या की कोशिश करती हैं।आज एकल परिवारों में अकेले बच्चे कम्प्यूटर और मोबाइल से अपना समय काटते हैं। उन्हें अपना सुख-दुख बताने के लिए कोई सही व्यक्ति नहीं मिलता। इसलिए भी बच्चों के मन में आत्महत्या जैसे विचार आ सकते हैं। कहा जाता है कि परीक्षा के परिणाम जिस तरह इंटरनेट पर डाल दिए जाते हैं, उसे रोका जाना चाहिए। इससे यह होगा कि परीक्षा में पिछड़े बच्चों में अपने संगी-साथियों के बीच अपमानित होने का भय नहीं रहेगा।कई अभिभावक बच्चों को लालच दे देते हैं कि परीक्षा में इतने अंक लाओगे तो उन्हें कंप्यूटर, वीडियो गेम, मोबाइल या बाइक दिलाएंगे। इस तरह के प्रलोभन दिए जाने से बच्चों पर दबाव अवश्य बढ़ जाता है। इसी दबाव के चलते वे एग्जाम हॉल में डर या घबरा जाते हैं। उन्हें जो याद है वह भी नहीं लिख पाते। माता-पिता के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वे परीक्षा के दिनों में बच्चों पर लगातार दबाव न डालें, बल्कि इस समय को कोर्स के रिवीजन की तरह इस्तेमाल करवाएं।दरअसल, पूरे साल पढ़ाई नहीं करते रहने वाले विद्यार्थियों पर परीक्षा का बोझ बहुत ज्यादा रहता है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सिखाना चाहिए कि वे परीक्षा के दिनों में कितना पढ़ें, कितना खाएं और कितना सोएं। निस्संदेह परीक्षा, पढ़ाई और जीवन का सिर्फ एक प?ाव होती है। अपेक्षा से कम नम्बर आएं तो भविष्य अंधकारमय नहीं हो जाता। यदि परीक्षा में फेल हो जाएं तो जिंदगी न रुकती है न हारती है। माना जाता है कि बच्चों को पढ़ाई के तनाव से दूर रखने के लिए ध्यान, योग के साथ ही अध्यात्म की शिक्षा भी दी जानी चाहिए। इससे बच्चों के मन में बैठा पास-फेल का डर निकलने में बहुत मदद मिलती है।

नवीन जैन

आपका राशिफल 22 दिसम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली - 6023



ऊपर से नीचे:-

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 6022

Jagrutidaur.com, Bangalore

सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत रखेगा मूली का जूस

सर्दियों के मौसम ने दस्तक दे दी है, इस मौसम में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। ऐसे में यदि आप खुद दो स्वस्थ रखना चाहते हैं तो डाइट में कुछ हैल्दी चीजें शामिल कर सकते हैं। मौसमी सब्जियों और फलों को आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

मूली का सेवन आप सर्दियों में कर सकते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, आयोडीन, फास्फोरस, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा आप मूली का जूस बनाकर पी सकते हैं। मूली का जूस पीने से आपकी इम्यूनिटी पॉवर मजबूत होती है। तो चलिए आपको बताते हैं मूली का जूस पीने के फायदे....

सर्दियों में मजबूत रहेगी इम्यूनिटी

सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। ऐसे में आप मूली का जूस बनाकर पी सकते हैं। इसमें विटामिन-सी पाया जाता है जो आपका मौसमी बीमारियों से बचाव करती है। इसके अलावा नियमित मूली का जूस पीने से आप लंबे समय तक हैल्दी रखेंगे।

कंट्रोल रहेगा ब्लड प्रेशर

यदि आपका ब्लड प्रेशर कम रहता है तो आप डाइट में मूली का जूस शामिल कर सकते हैं। इससे आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा। मूली में पाया जाने वाला सोडियम आपके शरीर में से नमक की कमी पूरी करने में मदद करता है जिससे आपके शरीर में नमक की कमी नहीं होती।

पाचन स्वस्थ

मूली का जूस पीने से आपका पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है। इससे आपको गैस, अपच, एसिडिटी समस्याओं से भी राहत मिलती है। नियमित मूली का जूस पीने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। मूली के जूस में फाइबर की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है जो आपके पाचन संबंधी दिक्कतें दूर करती है।

वजन करे कम

मूली का जूस पीने से आपका वजन भी कम होता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर लंबे समय तक आपका पेट भरा हुआ रखता है जिससे आपका पेट भी भरा हुआ रहता है। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो मूली के जूस को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

स्किन संबंधी समस्याएं करे दूर

मूली का जूस पीने से स्किन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। खुजली, रैशेज और पिंपल्स जैसे परेशानियों को भी दूर करने में भी मूली का जूस बहुत ही फायदेमंद होता है। मूली का जूस पीने से खून साफ होता है। यह आपकी त्वचा को हैल्दी रखने में मदद करता है।

सूडोकु नवताल- 6536

✱ ☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6535 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

विचार प्रवाह

हमारी 50 प्रतिशत चिंताएं तो बेबुनियाद हआ करती हैं। जैसे मेरी दुकान पर ग्राहक आए न आए हमें इस बात की चिंता नहीं है, पर पड़ोसी की दुकान पर क्यों आ रहा है, इस बात की चिंता है। चिंता से तनाव बढ़ता है और तनाव ही सारे अनर्थों की जड़ है। चिंताएं आ भी गई हैं, तो घबराइए मत। डटकर मुकाबला कीजिए। जिसने हार मानी ही नहीं, उसे कौन हरा सकता है?

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7575

बाएँ से दाएँ

1.कृष्ण का एक नाम-4,3
6.धन,संपत्ति-2
7.इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8.विजय,फतह-2
10.आम जनता,लोग-2
11.लाभ,कुल योग-2
13.निर्माण,कृति-3
14.उत्तर-3
15.नष्ट,विनाश-2
17.रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18.तह,अस्तर-2
20.राजी होना-3
21.अवरोध,रुकावट-2
22.आतंक फैलना-4,3

ऊपर से नीचे

2.भिड़ंत,मुठभेड़-3
3.इस्लामी महीना-4
4.हाथी,गज-4
5.न्यायाधीश-2
6.जोरदार-5
9.लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10.स्नीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12.वृतांत,घटना-3
16.हल,निष्कर्ष-4
17.राशन,भोजन-4
19.घोड़ा गाड़ी-2
21.रुकावट,अवरोध-3

शब्द पहेली -7574 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है : मप्र सरकार

भोपाल,ईएमएस । मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को बताया गया कि राज्य सरकार के पास अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

सरकार का यह लिखित जवाब कांग्रेस विधायक रवींद्र सिंह तोमर, सुरेश राजे और भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पूछे गए सवालों पर आया।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा, ''पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।'' मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक जनवरी, 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों हेतु नई पेंशन योजना मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के 13 अप्रैल, 2005 के आदेश अनुसार लागू की गई है।

जवाब में कहा गया कि राज्य के 4,83,332 कर्मचारी और अधिकारी नई पेंशन योजना के तहत पंजीकृत हैं। पिछले सप्ताह कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ ने कहा था कि अगले साल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिलने पर वह पुरानी पेंशन योजना वापस लाएगी।

कमलनाथ ने ट्वीट किया था, ''मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा बंद की गई सरकारी कर्मचारियों की पेंशन को मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही फिर से बहाल किया जाएगा।''

'नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम' की मध्यप्रदेश इकाई के बैनर तले प्रभावित कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे हैं और कह रहे हैं कि नई पेंशन योजना उनके लिए सेवानिवृत्त के बाद का जीवन जीने के लिए अपर्याप्त है।

पंजाब की आप सरकार ने हाल ही में अपने कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी। पुरानी पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मासिक पेंशन के रूप में अपने अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मिलता था। इसके विपरीत नई पेंशन योजना एक अंशदायी पेंशन योजना है।

सीएम शिवराज बोले, 40 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को पूर्व सरकार द्वारा बंद की गई सुविधाएं फिर से मिलेंगी

भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन मेले को संबोधित किया। लाल परेड में आयोजित मेले को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश के वनवासी भाइयों को वनों के उत्पाद से अधिकाधिक लाभ दिलवाने के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। इस कड़ी में वन मेला भी वनोपज उत्पादकों की आय वृद्धि का प्रमुख माध्यम है। वन्य-प्राणी संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश विशेष पहचान बना रहा है। वनों से वनवासियों को आर्थिक समृद्धि दिलाने के उद्देश्य से भी फैसले लिए गए हैं। मेले में 12 देशों के प्रतिनिधि और वैज्ञानिक भी आए हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन मेले की थीम च्लघु वनोपज से आत्म-निर्भरताज्ज है। वन मेले का आयोजन वन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित द्वारा किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सिर्फ टाइगर और लेपर्ड स्टेट ही नहीं अब चीता स्टेट भी है। अफ्रीका से आये चीतों को मध्यप्रदेश की जलवायु रास आ गई है। प्रदेश के वन, चीतों के कारण पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केंद्र बनेंगे। ईको टूरिज्म की बात हो या वन औषधियों का महत्व हो, मध्यप्रदेश की अपनी अलग पहचान है। प्रदेश के वनों में वन औषधियों का प्रमुखता से उत्पादन होता है। इनसे अनेक रोग ठीक होते हैं। इस चिकित्सा पद्धति के दुष्प्रभाव भी कम हैं। इनका कोई तोड़ नहीं है। कोरोना काल में वन औषधियों से निर्मित काढ़ा ही काम आया था। मध्यप्रदेश का काढ़ा अन्य प्रदेशों के लोगों के भी काम आया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में वनोपज से स्थानीय वनवासियों को लाभ दिलवाने की पुख्ता व्यवस्था की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को हानि नहीं होती। पेसा एक्ट में वनवासी क्षेत्र की पंचायतों को अधिकार दिए गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य पेसा विकासखण्डों में पंचायतों के माध्यम से हो सकेगा। वर्ष

2017 और 2018 में तेंदूपत्ता श्रमिकों को पानी की कुप्पी, साड़ी और चप्पल आदि सामग्री प्रदाय की गई थी। वर्ष 2019 में तत्कालीन सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को ये सुविधाएँ देना बंद कर दी। इसके बाद कोरोना काल में व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। राज्य सरकार इस वर्ष से 40 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को यह सामग्री फिर से प्रदान करेगी। जनजातीय बंधु और अन्य वनवासी बंधुओं का हित सुनिश्चित किया जाएगा। चिरौंजी का समर्थन मूल्य भी तय किया जाएगा, जिससे वनवासियों को पूरा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने वनवासी क्षेत्र के लोगों के हित में निरंतर कल्याणकारी निर्णय लिए जाने की बात भी कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का महुआ जो 20 या 30 रूपए किलो तक बिकता था, अब विदेशों तक पहुंच रहा है। डेढ़ सौ रूपए किलो तक इसके दाम बढ़ गए हैं। इंग्लैंड सहित कई देशों में महुआ से चाय बनाई जा रही है। इसके औषधीय गुण भी हैं। इसी तरह हर्रा, बहेड़ा और आंवला आदि उत्पाद गरीबों की आय बढ़ाने के माध्यम हैं। मुलेठी जैसी औषधियां दैनिक उपयोग में काम आ रही है। लोगों को निरोग रखने और वनवासी गरीब भाइयों की आय बढ़ाने के लिए इन उत्पादों का विशेष महत्व है।वन मेले में सातों दिन तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकार आमंत्रित किए गये हैं, जिनका आनंद मेले में आने वाले नागरिक ले सकेंगे। स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी की जा रही हैं। मेले के समापन दिवस 26 दिसंबर को पुरस्कार वितरण होगा। इंडोनेशिया और फिलीपींस सहित 12 देशों के प्रतिनिधि मेले में शामिल हो रहे हैं। मेले में मध्यप्रदेश ईको डेवलपमेंट बोर्ड सहित अनेक शासकीय उपक्रम के स्टॉल लगाए गए हैं।

सुधार कार्य कर रहे बिजली कर्मचारी के हाथ पर चढ़ी छिपकली

घबराहट में खंभे से नीचे गिरा, मौत

भोपाल ईएमएस। निशातपुरा थाना इलाके में विद्युत अवरोध की मरम्मत करने के बाद खंभे से नीचे उतर रहे बिजली कंपनी के कर्मचारी की खंभे से गिरकर मौत हो गई। दरअसल खंभे से उतरते समय एक छिपकली अचानक उसके हाथ पर चढ़ गई थी। इससे वह घबराया और उसकी खंभे पर पकड़ ढीली हो गई। इससे वह सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। निशातपुरा थाने के एसआइ श्रीकांत द्विवेदी ने बताया कि 32 वर्षीय यासीन पुत्र हफीज उल्ला हनीफ कालोनी करोंद में परिवार रहता था। वह बिजली विभाग में ठेका कर्मचारी था। सोमवार दोपहर को होंडा शोरूम के पास ओम नगर में बिजली गुल होने की शिकायत मिलने पर वह कंपनी के अमले के साथ मरम्मत करने पहुंचा था। इस दौरान बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई थी। दोपहर करीब पौने दो बजे विद्युत अवरोध ठीक करने के बाद यासीन खंभे से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान खंभे पर मौजूद एक छिपकली अचानक उसके हाथ पर चढ़ गई।

दो दिन बाद बढ़ेगी सिहरन रीवा का नौगांव सबसे सर्द

भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश में दो दिन बाद दिन और रात के तापमान में गिरावट की संभावना है। इसके बाद सिहरन बढ़ेगी और कड़ाके की ठंड की शुरुआत हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है दिसंबर महीने के 20 दिन बीतने के बाद भी एमपी में कड़ाके की सर्दी नहीं पड़ रही है क्योंकि उत्तर भारत में पहाड़ों पर तेज बर्फबारी नहीं हुई है। प्रदेश में सर्द हवाएं चल रही हैं जिसके चलते रात के समय सिहरन बनी हुई है। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। इसके उत्तर भारत से गुजरने के बाद रात के तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम मुख्यत:शुष्क रहा। प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ।

बर्फबारी के बाद शीतलहर

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे जम्मू-कश्मीर पर 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर ट्रफ के रूप में बना हुआ है। काफी ऊंचाई पर होने के कारण उसका विशेष प्रभाव नहीं हो रहा है। उधर उत्तरपश्चिम मध्य प्रदेश पर एक कमजोर प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके असर से ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में सुबह के समय कोहरा छाने लगा है। 22 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने की संभावना है।

1 से 15 फरवरी तक पूरे प्रदेश में निकलेगी विकास यात्राएं

भोपाल , यशभारत। भोपाल में शिवराज कैबिनेट की मीटिंग चली, इसमें बड़ा फैसला लिया गया है। 1 फरवरी से 15 फरवरी तक पूरे प्रदेश में विकास यात्राएं निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, विकास यात्रा में प्रभारी मंत्री के दौरे ज्यादा होंगे। माइक्रो प्लानिंग कर दौरे तैयार करें।

सीएम शिवराज ने कहा, मंत्री, विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। सांसद भी विकास यात्रा में शामिल होकर केंद्र और राज्य की योजनाओं, कार्यक्रमों और लोकार्पण शिलान्यास में भाग लेंगे। गृहमंत्री ने बताया...गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया, कैबिनेट में सहकारी सोसायटी संशोधन अधिनियम 2023 का अनुसमर्थन किया गया है। इसके तहत जिन कृषि साख सोसाइटियों में चुनाव नहीं हुए हैं। वहां पांच सदस्यीय कमेटी का गठन का प्रावधान किया यगा है। इसमें एक सदस्य रजिस्टार, एक सोसायटी और तीन प्राइवेट सदस्य होंगे।इसके अलावा कैबिनेट ने मध्यप्रदेश पेयजल परीक्षण (संशोधन) अधिनियम 2022 को स्वीकृति दी है। इसके तहत किसानों को बढ़ी राहत मिलेगी। नरोत्तम मिश्रा ने बताया, इसके तहत वॉटर लेवल नीचे जाने पर बोरिंग कराने पर जेल का प्रावधान था। अब जेल के प्रावधान को हटाकर जुर्माने का प्रावधान किया गया है।वहीं, आंगनवाड़ियों में बिजली कनेक्शन के लिए 79.7 करोड़ रुपये के बजट को भी कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। प्रदेश में अब तक 31 हजार 400 आंगनवाड़ी केंद्रों को विद्युत के लिए कोई राशि आवंटित नहीं होती थी। अब तीन चरणों में आंगनवाड़ियों को राशि का आवंटन किया जाएगा। इसमें पहले चरण में 14,214, दूसरे चरण में 10, 907 और तीसरे चरण में 6,304 आंगनवाड़ी भवनों को विद्युत व्यवस्था के लिए राशि दी जाएगी।सरकारी विभागों में 5 डे वर्किंग सिस्टम जारी रहेगा...राज्य सरकार ने 5डे वर्किंग सिस्टम को जारी रखने का फैसला लिया है। इसके आदेश जारी हो गए हैं। नए आदेश के अनुसार अब नए साल में भी प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में पांच दिन का कार्य दिवस रहेगा।मध्यप्रदेश में सोमवार से शुक्रवार तक (5डे वर्किंग) सरकारी दफ्तरों में काम होगा। शनिवार और रविवार को छुट्टी रहेगी।

मंत्री मोहन यादव बोले सीता मां का भूमि में समाना आत्महत्या जैसा

भोपाल,ईएमएस। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के नागदा में सीता मां के ऊपर दिए एक बयान पर सियासत गरमा गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागदा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीता मां भगवान राम के सामने भूमि में समा गई। सरल भाषा में कहा जाए तो उनकी पत्नी ने उनके सामने शरीर छोड़ा और शरीर छोड़ने को आत्महत्या के रूप में माना जाता है। इस बयान पर कांग्रेस हमलावर हो गई है।

कांग्रेस बोली प्रभु राम का अपमान

भोपाल में युवा कांग्रेस ने उच्च शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध कर एमपी नगर थाने में उनके खिलाफ एफआईआर कराने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस ने मंत्री की फोटो जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस नेता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि भगवान राम और माता सीता को लेकर मंत्री ने अशोभनीय टिप्पणी की है। जो कि हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करती है। उन्होंने कहा कि मंत्री मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन के नागदा में एक कार्यक्रम में माता सीता की तुलना आज की तलाकशुदा महिला के जीवन से की। उन्होंने कहा कि सीता का भूमि में समा जाना आज के दौर का सुसाइड जैसा मामला है। वहीं, इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि मैं उसकी निंदा करता हूं। यह सीता माता का अपमान है। राम के नाम पर मतदाताओं को गुमराह कर, सत्ता पर काबिज होने के बाद सत्ता के मद में मदमस्त होना और इस तरह के बयान देना उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म का, हिंदू धर्म का और सीता माता, भगवान राम का अपमान है, उनको खेद व्यक्त करना चाहिए।

राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी स्पर्धा में मप्र की अंजली और तेलंगाना की निकहत जीती

भोपाल यशभारत। छटवीं एलीट महिला बाक्सिंग चैंपियनशिप राजधानी में शुरू हुई। मप्र अकादमी की अंजली शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं देश की स्टार तेलंगाना की निकहत जरीन ने भी शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप में शानदार आगाज किया है।

भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम के मार्शल आर्ट भवन में प्रारंभ हुई इस चैंपियनशिप में आज अलग-अलग वेट कैटेगरी के कुल 27 क्वालीफाइंग मुकाबले हुए। चैंपियनशिप के पहले दिन मध्यप्रदेश बॉक्सिंग अकादमी की अंजलि शर्मा ने 45-48 किलोग्राम की मिनिमम वेट कैटेगरी में आंध्र प्रदेश की ज्योति गोरली को 5-0 से हराकर प्रिलिमिनरी राउंड क्वालीफाई किया। अकादमी की ही मंजू बामबोरिया ने 63-66 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अपना बाउट क्वालीफाई किया। तेलंगाना की अंतराष्ट्रीय मुक्केबाज निहकत जरीन ने 48-50 किलोग्राम फ्लाई वेट कैटेगरी में तमिलनाडु की एल के अभिनया को हराकर क्वालीफाई राउंड जीता । निकहत ने आरएससी (रेफरी स्टॉप कॉन्टेक्ट्स) के जरिए ये बाउट जीता। इसके अलावा खेले गए अन्य मुकाबलों में छत्तीगढ़ की इंद्रा सिंह ने दिल्ली की श्वेता को 52-54 किग्रा भार वर्ग में पराजित किया। इसके अलावा चंडीगढ़ की सिमरन ने हिमाचल प्रदेश की नेहा को हराया। रेलवे की मंजू रानी ने महाराष्ट्र की प्रियंका को शिकस्त दी। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध?यक्ष राजेश भंडारी, प्रमुख सचिव खेल दीप्ती गौड मुखर्जी और संचालक खेल एवं युवा कल्याण रवि कुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, सर्विसेस, आल इंडिया पुलिस एवं रेलवे की 320 महिला मुक्केबाज अपना प्रदशर्न करेंगी।

राहुल गांधी पर मनोज मुंतशिर के बयान पर गोविंद सिंह ने कहा- उनके डीएनए में है दिक्कत

भोपाल ईएमएस। बॉलीवुड के मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर के बयान पर एक बार फिर बवाल हो गया है। इसी के चलते उनके राहुल गांधी के बयान पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह का रिएक्शन सामना आया है। गोविंद सिंह ने मनोज मुंतशिर पर निशाना साधते हुए कहा, जिन्होंने यह शब्द कहे उनके डीएनए में ही दिक्कत हो। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मनोज मुंतशिर को बीजेपी का एजेंट बताया और कहा कि बीजेपी ही ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती है। साथ ही गीतकार को नसीहत देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा, अमर्यादित और आपत्तिजनक भाषा बोलने वाले कवियों पर कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें बुलाने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मनोज मुंतशिर ने राहुल गांधी पर विवाादित बयान...बता दें कि मनोज मुंतशिर सोमवार शाम भोपाल में थे। वे रवींद्र भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसी बीच

गीतकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया। दरअसल, गीतकार ने चाणक्य का हवाला देते हुए कहा, विदेशी मां से पैदा हुआ बेटा देशभक्त नहीं हो सकता, दिक्कत डीएनए की है।बता दें कि मनोज मुंतशिर ने यह टिप्पणी तवांग में भारत-चीन सैनिकों की झड़प के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के संदर्भ में की थी। उन्होंने कहा था, अकेला देश दुनिया में भारत ही है। जहां वतन परस्ती, देश प्रेम, देश भक्ति सिखानी नहीं पड़ती हम सीने में लेकर पैदा होते हैं। अभी हमने चाइना को भगाया पर हमें उस वक्त दुख होता है, जब निहायत गैर जिम्मेदार इस देश का नेता यह कहता है कि हमारे सैनिक चीनी सैनिकों से पिट रहे हैं। इतनी शर्मनाक भाषा का प्रयोग किया जाता है। कैसे कह सकता है कोई हमारे सैनिक पिट गए? लेकिन मैं क्या दोष दूं? मैंने चाणक्य को पढ़ा है, आपने भी पढ़ा होगा। मैं कोट कर रहा हूं, चाणक्य को जहां उन्होंने लिखा है कि विदेशी माता से पैदा हुआ पुत्र कभी राष्ट्रभक्त नहीं हो सकता। साथियों प्रॉब्लम डीएनए का है, कुछ नहीं कर सकते आप और हम इसका।

कैमोर में रेल ट्रैक सुधार के चलते मुख्य मार्ग पर एक सप्ताह बंद रहेगा आवागमन

तिलक चौक से एसीसी के डम्फर रोड होकर चलेंगे वाहन

कैमोर,यशभारत। कैमोर नगर में एसीसी हॉस्पीटल से लेकर पेट्रोल पंप तक मुख्य मार्ग के डामलीकरण एवं रेल्वे लाईन के सुधार कार्य के चलते 20 दिसम्बर मंगलवार से इस मार्ग पर लगभग एक सप्ताह के लिए सभी तरह के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। 24 दिसम्बर से चार पहिया और दो पहिया वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा पर भारी वाहन 27 दिसम्बर के बाद ही मुख्य मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। सड़क एवं रेलवे लाईन के सुधार कार्य के दौरान वाहन एसीसी डम्फर क्रासिंग से डम्फर रोड होते हुए तिलक चौक वाले मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि कैमोर में अमराइयापार बस स्टैंड से लेकर एसीसी हॉस्पिटल तक क्रांकीट रोड का निर्माण पिछले साल 2021 में ही पूर्ण कर लिया गया था। एसीसी हॉस्पिटल से पेट्रोल पम्प तक की सड़क का निर्माण तब किन्हीं कारणों से पूरा नही हो पाया था। इस आधे-अधूरे सड़क निर्माण के कारण नगरवासियों को डेढ़ साल से भी अधिक समय तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश में सड़क और भी जर्जर हो गई। एसीसी हॉस्पीटल से लेकर पेट्रोलपंप तक के मार्ग में ही बीच में रेल्वे ट्रैक भी पड़ता है। रेल्वे ट्रैक के आस-पास भी बड़े बड़े गड्ढे हो गए। बारिश में इन गड्ढों में इतना पानी भर जाता है कि रेल्वे का परिवहन भी रोकना पड़ता है। सड़क और रेल्वे ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने पर अंततः एसीसी को इनके सुधार का निर्णय लेना पड़ा। इसके लिए टेंडर बुलाकर कार्यादेश भी जारी कर दिए गए। नगर का यह मुख्य मार्ग बेहद व्यस्त रहने वाला मार्ग है। दुपहिया और चार पहिया वाहनों के अलावा आधा सैकड़ा यात्री बसें और सैकड़ों भारी वाहन भी इसी मार्ग से होकर यात्रा करते हैं। ऐसे में मार्ग पर यातायात चालू रखते हुए सड़क एवं रेल्वे ट्रैक का सुधार कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। एसीसी प्रबंधन ने निर्माण कार्य के दौरान इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया। इसके लिए एसडीएम एवं थाना प्रभारी को पत्र लिखकर अनुमति प्राप्त की गई तब कहीं जाकर 20 दिसम्बर से कार्य प्रारंभ हो पाया है। इस सम्बंध में पुलिस द्वारा भी सभी ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों एवं यार्ड संचालक को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात बन्द रहने की जानकारी दी गई है।

24 से छोटे वाहनों को अनुमति बड़े वाहन 27 के बाद

बताया गया कि निर्माण कार्य के दौरान 20 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक सभी तरह के वाहनों का इस मार्ग पर आवागमन बन्द रहेगा। 24 दिसम्बर से केवल दोपहिया और चार पहिया वाहनो को आवागमन की अनुमति होगी। भारी वाहनों का प्रवेश 27 दिसम्बर के बाद ही होगा।

तिलक चौक से डम्फर रोड रहेगा वैकल्पिक मार्ग

मार्ग निर्माण के दौरान कैमोर होकर भटूरा-भदनपुर या झुकेही-कटनी की ओर आने जाने वाले सभी यात्री वाहन एवं माल वाहक ट्रक, डम्फर, हाइवा, बल्कर आदि वाहन तिलक चौक से डम्फर रोड होते हुए डम्फर क्रासिंग पहुंचेंगे। वहीं दुपहिया वाहन चालक पेट्रोलपंप के पीछे ओवर ब्रिज होकर आवागमन कर सकेंगे। भारी वाहनों का 20 से 27 दिसम्बर तक इसी वैकल्पिक मार्ग से आवागमन होगा।

अमेहटा के अमहाई धाम में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ

ब्रह्मलीन संत मोहन बाबा त्यागी जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थापना एवं कथा का विशाल आयोजन

विजयराघवगढ़,यशभारत। विजयराघवगढ़ तहसील के अमेहटा ग्राम स्थित अमहाई धाम आश्रम के संत श्री श्री 1008 श्री रामदास त्यागी जी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री श्री 108 श्री मनोहर दास त्यागी जी महाराज मोहन बाबा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर कथावाचक श्री प्रद्युम्नदास रामायणी जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दिनांक 20 दिसंबर से किया जा रहा है, 19 दिसंबर को अमेहटा के श्रमधाम विद्यालय से खेरमाता होते हुए नगर भ्रमण करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, शोभायात्रा के पूर्व अमहाई धाम मे दोनों ब्रह्मलीन संतो की समाधि पर उनकी मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई, सात दिवस तक चलने वाली कथा का विश्राम 26 दिसंबर को होगा, कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है, कथा का आयोजन सार्वजनिक सहयोग से किया जा रहा है। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पड़खुरी सरपंच एवं उद्योगपति बाबू ग्रोबर रंजन ग्रोबर, कृष्ण कुमार तिवारी, रामाधार तिवारी, राम कुशल तिवारी, अमित गुड्डू तिवारी, दीपा तिवारी, दुर्गा तिवारी, बिक्कू बाबा, पिंटू तिवारी, ब्रज बिहारी छंगा महाराज, गप्पू गुप्ता, बब्लू रजक, अमित पयासी, नंदन तिवारी, लकी तिवारी, अंकुश पंजाबी, बलिया वाले पांडे, दीपक गुप्ता, सुशीला शर्मा, लवली शर्मा, विष्णु डे, सिंगू ठाकुर, भल्ली जी सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत किया जागरूक

कटनी,यशभारत। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कटनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत सहयोगी संस्था श्री महावीर शिक्षा एवं जन कल्याण समिति कटनी द्वारा जिले के चयनित 150 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री एस.एल. कोरी के मार्गदर्शन में जिला सलाहकार संजीव मिश्रा, विनय त्रिपाठी एवं श्रीमती सुनीता द्विवेदी के सहयोग से समिति के टीम लीडर शोभित जैन के नेतृत्व में समिति के सदस्यों द्वारा सभी 06 विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में बेस लाईन सर्वे, जन सभा, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन एवं ग्राम कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के उद्देष्यों की जानकारी दी जा रही हैं, जिसके अंतर्गतग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवारों को मार्च 2024 तक पाईप लाईन के द्वारा नियमित रूप से घरेलू नल कनेक्षन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों, सूखाग्रस्त गांवों तथा सांसद आदर्श ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर प्रावधान बनाना है। जिले की ग्रामीण स्कूलों, आंगनबाड़ियों, ग्राम पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक भवनों में नल कनेक्षन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना। साथ ही जन सहभागिता का योगदान लेकर ग्रामीण जनता के मध्य योजना तथा घरेलू नल कनेक्शन के सबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि पानी सबके जीवन के लिए अनमोल है, इसे आगामी पीढ़ी के लिए भी सहेजकर रखना है, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर को उपर उठाया जा सके।

फील्ड विजिट के दौरान विभाग की तरफसे विकासखण्ड समन्वयक रजनीश अहिरवार, सत्यप्रकाश हल्दकार तथा प्रिया कोरी का विशेष सहयोग प्रशंसनीय है। संस्था की तरफसे विभाग के सहयोग से ग्रामवासियों को पेयजल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया है कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। समिति सदस्यों द्वारा समय पर जल कर की राषि भी ग्राम पंचायत या ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को जमा करने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संस्था की तरफसे आकाश तिवारी, प्रदीप अहिरवार, मोनू चौधरी, वेद प्रकाश हल्दकार, दीपक सिंह, मोहित कुमार, अरविंद कुमार व अन्य साथियों के द्वारा ग्रामीण जनों से संपर्क कर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

कटनी,यशभारत। नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गतिविधियों से अवगत कराकर स्वच्छ्ता के प्रति प्रेरित कर नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करने हेतु रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत ने जानकारी देते हुए बताया कि गतिविधियों के तहत केसीएस स्कूल की छात्र छात्राओं के द्वारा वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ सहभागिता की जाकर विभिन्न कलाकृतियां प्रसारित की गई। प्रतियोगिता के दौरान आयुक्त महोदय जी, नोडल अधिकारी सहित शाला प्रबंधन के शिक्षक शिक्षिका एवं सहयोगी संस्था के सदस्यों की उपस्थिति रही। नागरिकों के घरों से निकलने वाले कचरे की मात्रा को कम करने तथा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से निगम प्रशासन की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन वार्डों में सोर्स सेग्रिगेसन की जानकारी हेतु घर-घर दस्तक अभियान चलाया गया। रहवासियों के घरों में संपर्क कर कचरे के प्रकरणों की जानकारी से अवगत कराते हुए निकलने वाले कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने की सलाह दी गई। नगर के विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में अमानक प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित होने की जानकारी दी जाकर अमानक प्लास्टिक का पम्पलेट दुकानों के बाहर चिपकाया व बांटा गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा दुकानदारों से निवेदन किया कि प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पत्रियों के स्थान पर कपडे या जूट के थैले का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

14 दिनों मे सीमांकन के 643 प्रकरणों का हुआ निराकरण

कटनी,यशभारत। कलेक्टर प्रसाद ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में जिले के सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र अंतर्गत लंबित 752 सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने हेतु प्रत्येक राजस्व निरीक्षक को कम से कम 4 सीमांकन प्रतिदिन पटवारी दल के साथ करने व सीमांकन कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट गूगल सीट में शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया था। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में जिले के 18 राजस्व निरीक्षकों द्वारा 05 दिंसबर से 18 दिसंबर तक कुल 643 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत प्रकरणों में कटनी में 33 प्रकरण, कटनी पहाडी में 24, कटनी नगर मुडवारा -1 में 50, कटनी नगर मुड़वारा-2 में 48, रीठी में 40, रीठी बिलहरी मे 27,बडवारा मे 40, विजयराघवगढ़ 37, विजयराघवगढ़ सिनगौडी मे 30, बरही में 38, बहोरीबंद मे 40, बहोरीबंद बाकल मे 25, स्लीमनाबाद कौडिया मे 28, स्लीमनाबाद धरवारा मे 20, स्लीमनाबाद में 35, ढीमरखेडा 25, ढीमरखेडा सिलौडी मे 33, ढीमरखेडा उमरियापान में 33 तथा ढीमरखेडा व ढीमरखेडा अति में 37 इस तरह कुल 643 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इस कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए हैं।

विजयराघवगढ़ की दरौड़ी बीट में छात्र-छात्राओं ने पेटिंग में दिखाई प्रतिभा

कलेक्टर एवं डीएफओ की मौजूदगी में हुआ अनुभूति कार्यक्रम

कटनी,यशभारत। वनपरिक्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत बीट दरौड़ी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर अवि प्रसाद, वनमण्डल अधिकारी गौरव शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार जैन शामिल हुए। जिन्होंने हायर सेकंडरी स्कूल कांटी से आए हुए 9वीं से 12वीं के 120 छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर एवं वनमण्डल अधिकारी गौरव शर्मा द्वारा क्विज़ कंपटीशन और पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के प्रोत्साहन हेतु प्राइज वितरण भी किया। इस मौके पर कलेक्टर द्वारा वन विभाग के द्वारा वन संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों को सराहा एवम अनुभूति कार्यक्रम की तारीफकरते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में पर्यावन एवं वन के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही वनमण्डल अधिकारी ने बच्चों की कैरियर काउंसलिंग भी की और उन्हें आगे बढ़ने, पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। मौके पर वन परिक्षेत्र का समस्त स्टाफमास्टर ट्रेनर मोहन नागवानी, एलपी तिवारी, स्कूल के शिक्षकगण शामिल रहे।

समीक्षा के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

372 गांवों का होगा सर्वेक्षण, बाकी क्षेत्रों के लिए बनेंगे प्रस्ताव

कटनी,यशभारत। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय - सीमा की बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने सी.एम. हेल्पलाइन की लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को अपने विभागों से संबंधित प्राप्त हाने वाली शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने समय सीमा के चिन्हित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को प्रकरण का निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक मे उर्जा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, वित्त विभाग सहित अन्य विभागों की लंबित सी.एम हेल्पलाईन की शिकायतों की समीक्षा की जाकर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बरही जगुवा निवासी छात्र महेश भुमिया द्वारा पढाई हेतु आवेदन दिए गए आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह से की गई कार्यवाही की चाही जाकर प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन 372 गांवो का सर्वेक्षण कराकर योजना का लाभ प्रदान करने के संबंध में कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई से गांवों की विस्तृत जानकारी ली जाकर विकासखण्ड ढीमरखेडा, बहोरीबंद, बड़वारा, विजयराघवगढ, रीठी, कटनी के शेष ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत प्रस्ताव तैयार कर योजना का लाभ प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पी.एम.स्वनिधि योजना, स्वनिधि से समृद्धि योजना, पी.एम.जीवन ज्योति योजना एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की समीक्षा की जाकर कार्यवाही मे प्रगति लाने के निर्देश पी.ओ.डूडा एवं आयुक्त नगर निगम को दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत के चिन्हित हितग्राहियों की प्रोफाईल एकत्रित करने तथा आगामी बैठक मे अवगत करानें के निंदेश दिए। बैठक के दौरान जनजाति वर्ग के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व ब्लाक लेबल के अधिकारियों की बैठक आयोजित करने, भगवान बिरसा मुंडा एवं ट्टंया मामा आर्थिक कल्याण विभाग योजनाओं के स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की जाकर कार्य मे गति प्रदान करने के निर्देश दिए। कटनी एवं कैमोर में आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु 5 एकड़ जमीन चिन्हित करनें हेतु एस.डी.एम विजयराघवगढ़ को निर्देशित किया गया। विधानसभा ढ़ीमरखेडा में सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु पत्राचार करने तथा छात्रावासों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की मरम्मत हेतु कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सी.ई.ओ द्वारा सी.एम हेल्पलाइन की जिला कटनी की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा व ग्रेडिंग की स्थिति एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों की रेंकिंग की समीक्षा की गई। राजस्व विभाग के लंबित एल-1 एवं एल-2 की प्रकरणों की समीक्षा की जाकर संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निंदेश प्रदान किए गए। इस दौरान 50 दिवस एवं 300 दिवस की लंबित शिकायतों की समीक्षा की जाकर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली जाकर प्रकरणों का गणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शिशिर गेमावत, रामानुस टोप्पो, एस.डी.एम, महेश मंडलोई, नदीमा शीरी, पी.ओ. डूडा अभय मिश्रा, नयन सिंह, अजय श्रीवास्तव, आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, नजूल क्षमा सराफ, हरी सिंह, विश्वकर्मा, ई गवनेंस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव सहित जिले के अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जिले के विभिन्न स्थलों मे मेला आयोजन व तीर्थ स्थलों की जानकारी एकत्रित कर म.प्र.तीर्थ स्थान एवं प्राधिकरण भोपाल को प्रेषित करनें के साथ ही एस.डी.एम. रीठी को भूमि के पट्टे संबंधी प्रकरण पर कार्यवाही करने तथा भू अर्जन अधिकारी को भू-अर्जन संबंधी प्रकरण के निराकरण हेतु डायरेक्टर एन.डी.बी के साथ पत्राचार करने एवं शिवप्राद लोधी के रजिस्ट्री संबंधी शिकायत के निराकरण कराने के निर्देश रजिस्ट्रार अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान स्कूलों उत्तरा की शिकायतों की समीक्षा की जाकर स्कूलों मे अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर बी.आर.सी एवं बी.ओ से जानकारी लेकर शिकायतों के निराकरण कराने के निर्देश दिए।

शासकीय महाविद्यालय बरही में श्रमदान कर सफाई एवं पॉलिथीन मुक्त परिसर अभियान

कटनी,यशभारत। शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अतंर्गत प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में रा. से. यो. के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर पॉलिथीन मुक्त एवं स्वच्छ परिसर अभियान चलाया गया। जिसके तहत स्वयंसेवकों द्वारा संपूर्ण परिसर की सफाई कर महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त किया गया। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि प्लास्टिक कचरा निस्तारण के लिए कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान में शहर हो या गांव सभी जगह प्लास्टिक संस्कृति हावी है, जो कि पर्यावरण एवं मानव सभ्यता के लिए बड़ा खतरा है। प्लास्टिक कचरा जल, वायु, मृदा प्रदूषण का भी बड़ा कारक है। अंत में स्वयंसेवकों द्वारा शपथ ली गई की लोगो को पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के साथ ही अपने आस -पास के क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करेंगे और स्वयं भी पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगें।

स्वच्छता के साथ रहेंगे, कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवक सपना बर्मन, वर्षा साहू, संतोष साहू, श्रद्धा द्विवेदी, प्रवीण चतुर्वेदी, प्रदीप कुशवाहा, सत्यम गुप्ता, नीतू बर्मन, सानिया तिवारी, राशि शुक्ला, उपासना बर्मन, ओम विश्वकर्मा, अंजलि चतुर्वेदी, प्रतिभा रजक, शिल्पा विश्वकर्मा, सविता कोरी, दीप्ति चौधरी, हिमानी विश्वकर्मा, संध्या विश्वकर्मा, पूर्णिमा मिश्रा, पार्वती साहू, विक्रम जायसवाल, आशीष साहू, शुभम, धर्मेन्द्र, सर्वेश, ललन, शिवलाल, अतुल, पूजा, सपना, लक्ष्मी, संगीता, सपना आदि स्वयंसेवक उपस्थिति रहे।

पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता

गोवा ,मुंबई, पुणे,कोटा औरंगाबाद की धाकड़ जीत

जबलपुर, यशभारत। पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में गोवा विश्वविद्यालय ने गढ़चिरोली को 10 - 0 से मुंबई विश्वविद्यालय ने जीटीयू अहमदाबाद को 6-0 से सिंबोसिस पुणे ने एसआरटीएमयू नांदेड़ 3-1 पुणे ने मुंबई को 6-3 से सागर ने आनंद यूनिवर्सिटी को 1-0 से कोटा ने आईटीएम ग्वालियर 2-0 से एसवीएनयू उदयपुर बीयू भोपाल को 1-0 से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी औरंगाबाद ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी राजस्थान को 3-1 से एल एन आई कि ग्वालियर ने पारूल यूनिवर्सिटी को 3-1 से एमएस यूनिवर्सिटी उदयपुर ने द्व.डु. जोधपुर को 9-0 से सोलापुर ने विद्यानगर को 5-4 से मुंबई ने गांधीनगर को 1-0 से अलवर यूनिवर्सिटी ने आरएनटीयू भोपाल को 2-1 से आर यू गांधीनगर ने ब्रिज यूनिवर्सिटी जयपुर को 1-0 से आरटीएम नागपुर ने एस यु राजकोट को 4-0 से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैचों के प्रातः सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ओम नमः शिवाय अपर कलेक्टर एडिशनल एसपी क्राइम शिवेश सिंह बघेल कैंट थाना प्रभारी श्री अरविंद चौबे आदि ने खिलाड़ियों से परिचय कराया गया परिचय के दौरान प्रोफेसर विशाल बन्ने डॉ रमेश शुक्ला जुगल किशोर मेवाड़ी हरीश दुबे संजय कुमार सुदर्शन ठाकुर डॉ आशीष पांडे डॉक्टर सचिन कोस्टा मौजूद रहे प्रातः सत्र में खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं प्रतियोगिता को सफल बनाने में सिटी हॉस्पिटल मेड़ सिटी सेल्बी हॉस्पिटल आदि का सहयोग प्राप्त हो रहा है मैचों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में खेल मैदानों पर निम्न कीड़ा अधिकारियों का सहयोग रहा जिनमें डॉक्टर सुनील दत्त लखेरा डॉ रमेश शुक्ला डॉ आशीष कुमार निगम श्री महिपाल सर एलएन रजक विवेक चौबे विशाल यादव रचना विश्वकर्मा डॉ अलका तिवारी डॉ नेहा तिवारी डॉक्टर शालिनी यादव डॉ कन्हैया राठौर आदि का विशेष सहयोग रहा मैदानों में निर्णायक की भूमिका अदा करने वाले फेडरेशन से आए हुए सभी मैच रेफरी ने निष्पक्ष भूमिका अदा की।

जबलपुर कॉरपोरेशन महिला वर्ग में रानीताल स्पोर्ट्स पुरुष वर्ग में विजेता

जबलपुर, यशभारत। नेहरू युवा केंद्र जबलपुर द्वारा आज विकासखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड जबलपुर में पुरुष कबड्डी, महिला कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन आज खेलकूद कार्यक्रम देर रात तक दूधिया रोशनी में चला जिसमें युवाओं एवं युवतियों द्वारा सक्रियता से भागीदारी की गई प्रतियोगिता के दौरान पुरुष कबड्डी अंतर्गत आदित्य कान्वेंट स्कूल जबलपुर जबलपुर कारपोरेशन व्हीएफजे जबलपुर एकेडमी अमर क्लब मॉडल हाई स्कूल रांझी इनडोर हॉल, महिला कबड्डी अंतर्गत रानीताल स्पोर्ट्स क्लब जबलपुर कारपोरेशन क्लब कजरवारा महिला मंडल जबलपुर अकैडमी अमर क्लब वी एफ जे जबलपुर की टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किए कार्यक्रम का शुभारंभ जी एस ठाकुर, नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, आशीष पांडे जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, अंजनी सिंह चौहान जिला कार्यसमिति भारतीय जनता पार्टी, नीरज पाठक जिला सहसंयोजक खेल प्रकोष्ठ, दिग्विजय सिंह गुलाटी प्रदेश सह संयोजक खेल प्रकोष्ठ, आशुतोष मिश्रा जिला संयोजक भाजपा खेल प्रकोष्ठ, योगेश बेलोहा मंडल अध्यक्ष भाजपा, आदि उपस्थित रहे । पुरुष वर्ग में रानीताल स्पोर्ट्स ने गोसलपुर को हराकर एवं महिला वर्ग में जबलपुर कारपोरेशन ने जबलपुर एकेडमी को आसानी से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । पुरस्कार वितरण धर्मेंद्र सिंह पप्पू अध्यक्ष जबलपुर कारपोरेशन कबड्डी संघ एवं योगेश बिलोहा मंडल अध्यक्ष द्वारा विजेता पुरुष कबड्डी , महिला कबड्डी, 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग, 400 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग एवं गोला फेंक के विजेता, उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सानू यादव सचिव कारपोरेशन कबड्डी संघ जबलपुर एवं उनकी टीम के सदस्यों जोकि पूरे दिवस ऑफिशियल रैफरी के तौर पर मौजूद रहे । मंजीत सामल, पुष्पा रघुवंशी परमू लाल यादव, सुनील ताम्रकार, दिनेश तिवारी, विवेक राजपूत ,संजय पांडे,आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय राजेंद्र यादव संरक्षक रानी लक्ष्मीबाई महिला मंडल कजरवारा धनीराम भाऊ एवं उनके समस्त टीम का विशेष सहयोग रहा। साथ ही नेहरू युवा केंद्र की सहयोगी टीम सदस्य कुमारी जानकी पटेल राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सिहोरा,कुमारी कविता ठाकुर जबलपुर, अंकित साहू शाहपुरा, ख्याली लाल गौड़ एमटीएस का विशेष सहयोग रहा। यह कार्यक्रम सुश्री कीर्तिका कुहर, जिला युवा अधिकारी के निर्देशन पर किए जा रहे हैं नेहरू युवा केंद्र की ओर से अतुल पांडे कार्यक्रम सहायक उपस्थित रहे।

तेजस्विनी पंडित से मकान मालिक ने किराए के बदले मांगा था सेक्शुअल फेवर , दिल दहला देगा एक्ट्रेस का खुलासा

मुंबई, ईएमएस। मराठी फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्विनी पंडित ने हाल ही अपने साथ घटी एक ऐसी घटना का खुलासा किया है, जिसने हर किसी के होश उड़ा दिए हैं। तेजस्विनी पंडित के साथ यह घटना तब घटी जब वह पुणे में एक अपार्टमेंट में किराए पर रह रही थीं। तेजस्विनी ने बताया कि मकान मालिक ने उनके साथ बड़ी ही बेहूदा हरकत ही। मकान मालिक ने उनसे किराए के बदले सेक्शुअल फेवर मांगा। हाल ही दिए इंटरव्यू में उस भयावह घटना को बताते हुए दर्द छलक पड़ा। पॉडकास्ट शो मित्रम्हणे में बात करते हुए तेजस्विनी पंडित ने कहा, यह 2009-10 के आसपास की बात है। मैं पुणे में सिन्हागढ़ रोड पर एक किराए के अपार्टमेंट में रहती थी। उस समय मेरी सिर्फ एक या दो फिल्में ही रिलीज हुई थीं। जिस अपार्टमेंट में मैं रहती थी, उसका मालिक एक कॉर्पोरेटर था। तेजस्विनी पंडित ने आगे कहा, जब मैं किराया देने मकान मालिक के ऑफिस गई तो उसने मुझे डायरेक्ट ऑफर दे दिया। उसने बदले में मुझसे सेक्शुअल फेवर मांगा। मेरे सामने टेबल पर पानी भरा गिलास था। मैंने वह उठाया और उसके चेहरे पर फेंक दिया। मैंने उससे कहा कि मैं इस प्रोफेशन में ये सब चीजें करने नहीं आई हूं। नहीं तो मैं इस अपार्टमेंट में नहीं रहती। मैं घर, गाड़ी और न जाने क्या-क्या खरीद लेती।

तेजस्विनी बोलीं- मैंने उस घटना से काफी कुछ सीखा

तेजस्विनी पंडित ने कहा कि उस आदमी ने उन्हें उनकी दो चीजों की वजह से जज किया और इसलिए उनके साथ ऐसी घटना हुई। एक तो उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी और दूसरा उनका जो प्रोफेशन था, उसकी वजह से उसने ऐसी बेहूदा बात सोची। हालांकि तेजस्विनी ने उस घटना से काफी-कुछ सीखा।

तेजस्विनी ने 2004 में किया था एक्टिंग डेब्यू

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो तेजस्विनी पंडित ने 2004 में मराठी फिल्म Aga Bai Arrecha ! से एक्टिंग डेब्यू किया था। मराठी फिल्मों के अलावा उन्होंने कुछ मराठी टीवी शोज में भी काम किया है। तेजस्विनी पिछली बार 2018 में आई मराठी फिल्म Ye Re Ye Re Paisa में नजर आई थीं।

विराट जिस कंपनी के एंबेसडर हैं उस पर बौखलाईं अनुष्का-बोलीं- मेरी फोटोज को बिना परमिशन कैसे यूज कर लिया

मुंबई, एजेंसी अनुष्का शर्मा ने अपने सोशल मीडिया के जरिए एक स्पोर्ट्स ब्रांड पर नाराजगी जाहिर की है। अनुष्का ने एक पोस्ट करते हुए लिखा कि बिना उनके परमिशन के एक स्पोर्ट्स ब्रांड बनाने वाली कंपनी ने उनके फोटोज को यूज किया है। अनुष्का का कहना है कंपनी ने अपने ब्रांड प्रमोशन के लिए उनके फोटोज का इस्तेमाल किया है जबकि वो कंपनी की ब्रांड एंबेसडर भी नहीं हैं। अनुष्का ने कंपनी को टैग करते हुए लिखा कि उनके फोटोज को जल्द से जल्द हटा लिया जाए। हालांकि जिस स्पोर्ट्स ब्रांड पर अनुष्का ने गुस्सा जाहिर किया है, उनके पति विराट कोहली उसी कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं।

अनुष्का ने तुरंत फोटोज हटाने को कहा

अनुष्का ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा- बिना परमिशन के आप किसी भी ब्रांड पब्लिसिटी के लिए मेरे फोटोज का यूज नहीं कर सकते। क्योंकि मैं आपकी कंपनी की ब्रांड एंबेसडर नहीं हूं। कृपया इसे हटा लें। बता दें कि एक स्पोर्ट्स ब्रांड बनाने वाली कंपनी ने सीजन सेल के लिए अनुष्का के पिक्चर्स को बिना उनके परमिशन के यूज कर लिया। इसी बात से नाराज अनुष्का ने कंपनी को अपने सोशल मीडिया के जरिए अच्छा खासा सुना दिया।

विराट कोहली ने भी मामला सुलझाने को कहा

संयोग की बात ये है कि जिस स्पोर्ट्स कंपनी पर अनुष्का ने नाराजगी जाहिर की है, उस कंपनी के ब्रांड एंबेसडर उनके पति और इंडियन क्रिकेटर विराट कोहली हैं। विराट ने अनुष्का के नाराजगी वाले पोस्ट को लाइक भी किया है। इसके अलावा उन्होंने अनुष्का के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए स्पोर्ट्स कंपनी से मामला सुलझाने को कहा है।

मार्केटिंग स्ट्रेटिजी का हो सकता है हिस्सा

सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ये अनुमान लगा रहे हैं कि ये एक मार्केटिंग स्ट्रैटिजी है। उनका कहना है कि ये पूरा का पूरा मामला स्क्रिप्टेड है और इसमें सच्चाई कुछ भी नहीं है।

2017 में हुई थी अनुष्का और विराट की शादी

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी 2017 में हुई थी। दोनों ने करीब तीन साल एक दूसरे को डेट किया था। दोनों ने 2021 में बेटी वामिका को जन्म दिया। मां बनने के बाद से ही अनुष्का फिल्मों से गायब हैं लेकिन वो अब जल्द ही फिल्म चकदा एक्सप्रेस में नजर आएंगी। चकदा एक्सप्रेस पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर बेस्ड है। इसके अलावा अनुष्का और विराट ने इसी दिसंबर में अपनी शादी की पांचवी सालगिरह मनाई है। दोनों ने काफी फनी अंदाज में एक दूसरे को सालगिरह की बधाई दी थी।

गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ क्रिसमस वकेशन पर रवाना हुए ऋतिक रोशन, दोनों बेटे भी नजर आए साथ

नई दिल्ली, एजेंसी। हर बार की तरह इस बार भी बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जानेवाले एक्टर ऋतिक रोशन वकेशन पर अपने बचों को लेकर निकल चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार क्रिसमस वकेशन पर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस सबा आजाद भी साथ हैं। ऋतिक के साथ बेटे रेहान और रिदान दोनों नजर आ रहे हैं और साथ हैं सबा आजाद। ऋतिक और उनकी फैमिली का एयरपोर्ट वाला वीडियो इस वक्त इंटरनेट पर छाया है।

ऋतिक ने कहा- मैं भाग रहा हूं

Hrithik Roshan का वीडियो इंस्टाग्राम पर छाया है जिसमें पापाराजी उन्हें फोटोज़ क्लिक के लिए रोकने की कोशिश करते हैं तो एक्टर कहते हैं, यार हमलोग लेट हो गए हैं, मैं भाग रहा हूं। इस वीडियो में इन चारों के अलावा एक और शख्स उनके साथ दिख रहा है।

सुजैन के बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी को ऋतिक ने भेजा विश

इससे पहले सोमवार को ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन के बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी का बर्थडे था। अर्सलान के लिए सोशल मीडिया पर ऋतिक और सबा दोनों ने बर्थडे विश किया था। ऋतिक ने अर्सलान को बर्थडे विश करते हुए एक फोटो शेयर की थी जिसमें सुजैन के भाई जाएद खान भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा था- हैपी बर्थडे अर्सलान गोनी। उन्होंने लिखा था- आनेवाला साल सुपर एक्साइटेड और डुपर फिट हो। इस तस्वीर में जाएद और अर्सलान एकसाथ खड़े होकर पोज़ देते दिख रहे हैं।

ऋतिक और सुजैन का 2014 में हुआ तलाक

बता दें ऋतिक और सुजैन ने साल 2000 में शादी की थी और 2014 में उनका तलाक हुआ था। इन दोनों को दो बच्चे रेहान और रेदान हैं। जहां ऋतिक सबा को डेट कर रहे हैं वहीं सुजैन अर्सलान को डेट कर रही हैं और इन चारों में शानदार बॉन्डिंग भी है।

गणेश के साथ दोबारा काम करने को लेकर उत्साहित कियारा

मुंबई, ईएमएस। कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी दोबारा काम करने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जारिए इस खुशी को फैंस के साथ साझा किया है। दूसरी बार उनके साथ कार्तिक आर्यन अभिनीत आगामी फिल्म सत्यप्रेम की कथा में काम करेंगी। कियारा ने गोविंदा नाम मेरा की प्रतिक्रिया का जश्न मनाते हुए बिजली पर डांस करते हुए अपना और गणेश का एक वीडियो साझा किया। अभिनेत्री ने कहा द लेजेंड के साथ मैं बिजली के लिए मास्टरजी द्वारा कोरियोग्राफ किए जाने को लेकर बहुत उत्साहित थी। अब बस हम सत्य प्रेम की कथा के सेट पर कुछ बिजली जोड़ रहे हैं और हम साथ में अगले गाने की शूटिंग कर रहे हैं। कियारा ने अब अपनी आगामी फिल्म सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है जो समीर विदवान्स द्वारा निर्देशित एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म 2023 में रिलीज होने वाली है। बता दे कि पहली बार कियारा ने गोविंदा नाम मेरा की बिजली में गणेश आचार्य के साथ काम किया था।

मलाइका ने उड़ाया बहन का मजाक, नाराज अमृता ने कहा- तुमने फिलिंग्स की परवाह नहीं की

मुंबई, ईएमएस। लाइका अरोड़ा इन दिनों अपने टॉक शो मूविंग इन विद मलाइका को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में अबतक कई सारे मेहमान शिरकत कर चुके हैं। हाल ही के एपिसोड में मलाइका ने बेटे अरहान और बहन अमृता को लंच के लिए बुलाया। इस दौरान मलाइका की मां जॉइस पालीकार्प भी वहां मौजूद रहीं। बातचीत का सिलसिला शुरू ही हुआ था कि अमृता के गुस्से ने सभी को चौंका दिया। अमृता ने मलाइका के शो और स्टैंडअप कॉमेडी पर अपनी नाराजगी जाहिर की। मलाइका और अमृता का झगड़ा देख अरहान भी शांत बैठे रहे। अमृता ने मलाइका से कहा, मैंने उस दिन कुछ नहीं कहा, लेकिन तुम्हें सोचना चाहिए था। तुम पूरे समय मेरा मजाक बनाती रहीं। मेरे बड़े कपड़ो के बारे में, अमीर पति के बारे में..। अगर ऐसा था तो तुम मुझे कॉल करके पूछ सकती थीं कि मुझे इन सब बातों से परेशानी होगी या नहीं। तुमने मेरी भावनाओं की परवाह नहीं की। अमृता की बातें मलाइका ने भी शांति से सुनी और फिर कहा कि स्टैंडअप ऐसे ही होता है। तब अमृता का गुस्सा और बढ़ गया और एक्ट्रेस ने मलाइका की बात बीच में काटते हुए कहा, क्या स्टैंडअप में किसी एक को निशाना बना कर उसपर चढ़ जाते हैं? मैं ऐसे पांच मौके बता सकती हूं जब तुमने ऐसा किया है। इतना बोलने के बाद गुस्साई अमृता ने खाना छोड़ दिया। वह डाइनिंग टेबल से उठ कर सोफे पर चली गई। तब अरहान अपनी मासी को मनाने उनके पास गए। बाद में मलाइका ने भी अमृता से माफी मांग ली और मामला वहीं शांत हो गया।

अधिकारी कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता

नरसिंहपुर विजेता , छिंदवाड़ा उपविजेता

जबलपुर, यशभारत। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशन पर जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के संयोजन में संभाग स्तरीय अधिकारी कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता में टूर्नामेंट में नरसिंहपुर विजेता और छिंदवाड़ा रन रेट के आधार पर उपविजेता बना। सर्वप्रथम कटनी और जबलपुर के मध्य मैच खेला गया यह टूर्नामेंट लाल मैदान संजीवनी नगर में आयोजित किया गया दोनों टीमों के खिलाड़ियों से क्षेत्रीय पार्षद राम पटेल सम्भागीय खेल अधिकारी श्रीमति आशा सिसोदिया जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री चंदा सोनी ने परिचय प्राप्त किया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये कटनी ने निर्धारित12 ओवरों के इस मैच में 112 रन बनाए जिसमें शेखर पाठक ने 25 रनों का योगदान दिया वहीं जबलपुर की ओर से विजेन्द्र तिवारी ने 2 विकेट लिए जवाबी पारी खेलते हुए जबलपुर से बृजेंद्र तिवारी ने 28 रन और अतुल मिश्रा ने 15 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया और जबलपुर टीम 62 रनों पर ऑल आउट हो गई इस प्रकार कटनी 51 रनों से विजयी हुआ कटनी की ओर से रामनरेश ने 3 विकेट लिये। एक अन्य मैच नरसिंहपुर एवं सिवनी के मध्य खेला गया नरसिंहपुर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 95 रन बनाए जिसमें नीतेन्द दीपक अमित ने क्रमशः 28,20,20 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया जवाबी पारी खेलते हुए सिवनी 65 रनों पर ऑल आउट हो गई नरसिंहपुर की ओर से देवेश वैद्य ने दो दीपक ने दो हेमराज दुबे ने दो विकेट लिएआखिरी मुकाबले में कटनी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 70 रन बनाए जिसमें हिमांशु बल्लभ दास ने 22 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया छिंदवाड़ा ने निर्धारित लक्ष्य 7 ओवरों में 3 विकेट खोकर पूरा कर लिया छिंदवाड़ा से नितिन ने 17 रन बनाए। टूर्नामेंट में नरसिंहपुर विजेता और छिंदवाड़ा रन रेट के आधार पर उपविजेता बना। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी जी नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती आशा सिसोदिया जिला खेल अधिकारी सुश्री चंदा सोनी ने इस अवसर पर पुरस्कार वितरित किए कार्यक्रम में निशा ठाकुर हेमलता तिवारी मधुमिता हाजरा सारिका खान पूनम कुंडे सुषमा वर्मा राबर्ट मार्टिन दिनेश गौंड सुधीर अवधिया हरीश परिहार आदि उपस्थित थे।

कबड्डी में पुरुष वर्ग में नरसिंहपुर ,महिला वर्ग में जबलपुर विजेता

अधिकारी कर्मचारी कबड्डी प्रतियोगिता में जहां पुरुष वर्ग में नरसिंहपुर विजेता रहा जबकि महिला वर्ग में जबलपुर विजेता रही कबड्डी में पुरुष और महिला वर्ग में सिवनी उपविजेता रही । खिलाड़ियों का परिचय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी आशीष पांडे से कराया गया। स्वागत सीमा पटेल पुष्पा रघुवंशी द्वारा किया गया । संभागीय सह सचिव शानू यादव की उपस्थिति में प्रतियोगिता का समापन हुआ निर्णायक की भूमिका मनजीत सामल ने निभाई।

झारखंड में जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने से रोष

दो किलोमीटर लंबी रैली निकालकर जैन समाज ने जताया विरोध

कटनी, यशभारत। दिगम्बर जैन समाज के तीर्थ स्थान पर्वत राज सम्मेद शिखर जी को झारखंड प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक पर्यटन स्थल घोषित किए जाने से पूरे देश के साथ ही कटनी जैन समाज में भी रोष व्याप्त हो गया है। झारखंड सरकार के इस निर्णय के खिलाफ देश व्यापी आव्हान के तहत आज जैन समाज के लोगों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए। शहर के मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी गलियों और आसपास स्थित दुकानों में सुबह से ही ताले लटके नजर आए। इसके अलावा श्री दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा एवं सकल जैन समाज कटनी के तत्वावधान में विशाल मौन जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौन जुलूस दिलबहार चौराहे से शुरू होकर मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, शेर चौक, आजाद चौक, मिशन चौक, नगर निगम, कचहरी होते हुए थाना तिराहा पहुंचकर समाप्त हुआ। करीब दो किलोमीटर लंबे मौन जुलूस में हजारों की संख्या में महिलाओं, पुरूषों के साथ ही युवाओं की उपस्थिति रही। जुलूस के समापन के बाद थाना तिराहा में धरना प्रदर्शन किया गया। बताया जाता है कि झारखंड राज्य में दिगम्बर जैन समाज के तीर्थ स्थान पर्वत राज सम्मेद शिखर जी को प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक पर्यटन स्थल की घोषणा की गई है, जिससे देश भर के साथ ही कटनी जैन समाज में भी रोष व्याप्त हो गया है। इसी कड़ी में आज 21 दिसंबर को जैन समाज के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान विरोध स्वरूप बंद रखे जाने का निर्णय लिया गया था। पर्वत राज सम्मेद शिखर को सार्वजनिक पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में मौन जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जुलूस में पंचायत महासभा अध्यक्ष संजय जैन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, सुभाष जैन, मिथलेश जैन, राकेश जैन कक्का, सुधीर जैन, संदीप जैन, आदेश जैन, मनोज बाझल, मगन जैन, अजीत सिंघई, मनीष जैन, पंचम जैन, सुकमाल जैन, मनीष जैन, दीपू जैन, बिनी जैन, पारस जैन, गोलू जैन, मिट्ठूलाल जैन, शरद जैन, शरत जैन, सतीश जैन, मयंक जैन, विजय विश्व, अनिल जैन सहित महिलाओं, पुरूषों एवं युवाओं ने शामिल होकर झारखंड सरकार के इस निर्णय का विरोध जताया।

जैन समाज ने बंद रखे प्रतिष्ठान, थाना तिराहे पर दिया धरना, एसडीएम को ज्ञापन

मौन जुलूस के उपरांत थाना तिराहे के समीप जैन बोर्डिंग के पास कटनी सम्पूर्ण जैन समाज, जैन पंचायत के नेतृत्व में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया गया।

बरही के बरमानी गांव में बाघ की दस्तक

दहशत में ग्रामीण, 5 दिन से हर रात पहुंच रहे वनराज

कटनी/बरही, यशभारत। बरही के ग्राम बरमानी में ग्रामीण बाघ की चहल-कदमी से दहशत में है। ग्रामीणों की माने तो पिछले 5 दिनों से हर रात बाघ बरमानी गांव में पहुंच रहा है, जिसके पंजो के निशान खेतों व घरों की बाड़ी में साफतौर पर देखे जा सकते है। बरमानी निवासी उमानंद गौतम ने बताया कि मंगलवार की रात बाघ उनकी घर की बाड़ी में भी घुसा था, जहां मवेशियों की गौशाला भी है। बाघ के गांव में आने से पूरे गांव में दहशत की स्थिति है। मवेशियों के साथ जान माल का नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र बड़वारा/बरही के रेंजर गौरव सक्सेना ने बताया कि बाघ की दस्तक होने की जानकारी है। जिसकी सतत निगरानी की जा रही है, कैमरे लगाए गए है, जिससे उनकी मूवमेंट पर सतत नजर रखी जा रही है। बरमानी के साथ ही बंजर-बरेला, करौंदी सहित अन्य क्षेत्र में भी बाघ की दस्तक होने से ग्रामीणों से जंगल से दूरी बनाए रखने व सतर्कता बरतने की सतत अपील की जा रही है।

केवलारी में भी बाघ की चहलकदमी

उधर बरही-बड़वारा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 485 की बीट बरेला के आसपास बाघ की चहलकदमी बनी हुई है। आबादी के समीप बाघ के पहुंचने से एक बार फिर ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। केवलारी कुआं के पास से बाघ के पगमार्क मिले हैं। सूचना के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया है और नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग की टीमें कई दिनों से ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ-साथ वन्य प्राणियों की सुरक्षा में डटी हुई हैं। हर दिन बाघ सहित अन्य वन्यजीवों की टोह ले रही हैं। जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं लेकिन बाघ उनकी पहुंच से अब तक दूर है। इसके चलते इलाके में लोगों के बीच दहशत का माहौल है।

विषपान से गंभीर हुई नवविवाहिता की हालत

पुलिस मामले की जांच में जुटी

कटनी, यशभारत। रीठी थाना अंतर्गत बिरूहली गांव में एक विवाहिता के द्वारा आत्महत्या करने की नियत से अत्यधिक मात्रा में जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। उसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। उपचार के बाद हालत में कुछ सुधार बताया जा रहा है। इस मामले में मायकेपक्ष के लोगों ने जहर देकर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिरूहली निवासी 22 वर्षीय पूजा यादव पति ओंकार यादव ने आरोप लगाया कि दो साल पहले उसका विवाह ओंकार यादव के साथ हुआ था। शादी के बाद से दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। पूजा के पिता ग्राम देवडोंगरा निवासी अज्जू यादव ने आरोप लगाया कि शादी में एक लाख से अधिक का दहेज दिया गया था। फिर 16 हजार दिए लेकिन उसके बाद 50 हजार व कार की मांग की गई। दहेज की मांग पूरी न होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जाता है। महिला के मायके पक्ष का आरोप है कि पूजा को बंधक बनाकर पति ओंकार यादव, ससुर सुनील यादव, जेठ कान्हा यादव, बड़ी सास कला यादव, सास पूनम, विशाल यादव व कोदू यादव आदि ने जबरन जहर पिलाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया है। फिलहाल महिला का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि महिला को जहां पर जहर पिलाना बताया जा रहा है, उसे सील कर दिया गया है। महिला से भी पूछताछ की गई है। मामले की जांच जारी है।

मायकेपक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाए बंधक बनाकर जबरन जहर देने के आरोप

छलक रहा सब्र का पैमाना

पस्त पड़ चुके अध्यक्ष की कतार में लगे कांग्रेसी, संगठन में बदलाव की हसरत अब भी अधूरी

दो पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद भाजपा में भी जिला कार्यकारिणी बदलने की उम्मीद कम

कटनी,यशभारत। संगठन में बदलाव के लिहाज से आने वाला नया साल कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के लिए अहम बनने जा रहा है। वर्ष 2023 अब 10 दिन दूर है, यह साल विधानसभा चुनाव के नाम रहने वाला है। कांग्रेस में जहां साल भर से जिला शहर और ग्रामीण संगठनों में नये अध्यक्षों की ताजपोशी की चर्चाएं चल रही है, तो भाजपा में भी मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। पदों के इंतजार में लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे दावेदारों के सब्र का पैमाना अब छलकने लगा है, तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी में जिला कार्यकारिणी में बदलाव की चर्चाओं के बीच अचानक उपाध्यक्ष और मंत्री पदों पर कल की गई नियुक्तियों से माना जा रहा है कि फिलहाल यही जिला कार्यकारिणी रहने वाली है। हो सकता है विधानसभा चुनाव भी भाजपा इस जिला कार्यकारिणी से लड़े।

वर्ष 2022 नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा सकता है। कटनी में आये परिणामों का असर कांग्रेस और भाजपा दोनों संगठनों पर पड़ने की इबारत भी लिखी जा चुकी है। भाजपा ने तो महापौर चुनाव में हार के कुछ ही समय बाद जिला का मुखिया बदल दिया, किन्तु कांग्रेस करारी शिकस्त मिलने के बाद भी संगठन में बदलाव नहीं कर पाई है। संगठन चुनाव के आधार पर बदलाव की संभावना कांग्रेसियों को थी, किन्तु इसमें हो रहे विलंब ने पदों के दावेदार कांग्रेस नेताओं को लगभग मायूस कर दिया है। साल भर से ज्यादा समय से भोपाल और दिल्ली के चक्कर काटने वाले कांग्रेस नेता अब पस्त पड़ चुके हैं। दूसरी ओर यह भी संभावना है कि समय यदि गुजरता गया तो फिर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधानसभा चुनाव को देखते हुए किसी तरह के बदलाव से परहेज करने लगेगी। इसका मतलब यह होगा कि चुनाव के समय नाराजगी से बचने पार्टी फेरबदल से भी बचेगी। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने 16 जिलों में फेरबदल के लिए खाका तैयार कर लिया है और इसे अनुशंसा के लिए दिल्ली भी भेजे जाने की खबर है, किन्तु नियुक्तियां कब तक होंगी इसकी कोई तारीख किसी को नहीं पता। पहले माना जा रहा था कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की मध्यप्रदेश से विदाई के बाद संगठन में फेरबदल की सूची तत्काल जारी होगी, किन्तु इंतजार करने वालों को प्रतीक्षा ही हाथ आई। अब तो पदों के दावेदारों का उत्साह भी ठंडा पड़ने लगा है। उधर भारतीय जनता पार्टी में भी जिला कार्यकारिणी में बदलाव की संभावना कम नजर आ रही है। कल 2 रिक्त पदों पर हुई नियुक्तियों को देखकर यही समझा जा रहा है कि पार्टी फिलहाल जिला पदाधिकारियों के दायित्व में बदलाव नहीं करेगी। वैसे अध्यक्ष बदलने के बाद से ऐसी उम्मीद लगाई जा रही थी कि नवंबर में मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। भाजपाई गलियारों में व्याप्त चर्चाओं के मुताबिक पार्टी शायद ही विधानसभा चुनाव के पहले जिला कार्यकारिणी को बदले। किसी तरह की नाराजगी से बचने मौजूदा कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों से ही विधानसभा चुनाव और संगठन का काम लिया जाएगा। आगामी समय में सत्ता और संगठन के रिक्त पड़े कुछ पदों में नियुक्तियां अवश्य की जा सकती हैं। इसके लिए संगठन स्तर पर कवायद चल भी रही है।

लोडर की टक्कर से युवक की मौत

कटनी, यशभारत। बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कुर्सीटोला मोड़ में एक युवक की लोडर वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथ सिंह गौड़ की लोडर वाहन क्रमांक एम.पी.21जी-2708 के चालक ने टक्कर मार दी। चोट लगने से रघुनाथ की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

लकवा एवं वात रोग विशेषज्ञ
डॉ. देबनाथ
लकवा, वात रोग, गठिया, हड्डियों जोड़ों का दर्द एवं सूजन कमर दर्द, घुटना, कंधा दर्द, सायटिका अर्थराइटिस का इलाज किया जाता है।
पता- शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9826154533
नोट-28 वर्षों से आपकी सेवा में उपस्थित

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर
सभी प्रकार के शुभ अवसरों हेतु

पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)